# बिना निराकरण किए स्वच्छता एप की शिकायते कर देते हैं बंद

## नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों का कारनामा, सीटाडेल करता है भोपाल तक मैनेज

**सिंगरौली।** स्वच्छता में अब लापरवाही नजर आने लगी है। कई क्षेत्रों में गंदगी पसरी हुई है। नाले और नालियां चोक हो गई है और जिम्मेदार ध्यान तक नहीं दे रहे हैं। स्वच्छता एप पर भी शिकायतें पेंडिंग हैं। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं नगर पालिक निगम में स्वच्छता एप में दर्ज की गई की शिकायतों का निराकरण करने के बजाय अधिकारी शिकायत को रिजेक्ट या फिर वर्क इन प्रोग्रेस या कार्यवाही की आवश्यकता नहीं है टीप देकर बंद कर देते हैं।

गौरतलब है कि शहर और गांवों को कचरा से मुक्त बनाने और साफ सुथरा परिवेश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता को अपना मिशन बना दिया। वहीं केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने शहरों में स्वच्छता अभियान को गति देने के साथ ही साफ - सफाई के लिए स्वच्छता ऐप विकसित किया है। लेकिन जिले



में स्वच्छता एप मजाक बनकर रह गया है। दरअसल एप में गंदगी, जल भराव या फिर मृत जानवरों की फोटो खींचकर शिकायत दर्ज करवा सकता है। जीपीएस सिस्टम से जुड़ा होने की वजह से लोकेशन इसमें खुद पता चल जाएगी और इसका एसएमएस इलाके के सफाई कर्मचारियों के प्रभारी के मोबाइल पर जाएगा। मैसेज मिलते ही प्रभारी को सफाई करवाकर रिपोर्ट देनी होगी। सफाई होने पर इसकी सूचना निगम कमिश्नर के ई-मेल पर जाएगी। लेकिन नगर निगम अमला शिकायतकर्ता को बार-बार फोन करके मौके पर बुलाते हैं और फिर आगे इस तरह की शिकायतें नहीं करने की भी धमकी देते हैं।

### स्वच्छता एप में गंदगी की हुई शिकायत

पूर्व विधायक रामलल्लू बैस के भगत सिंह कॉलोनी वार्ड क्रमांक 9 में गंदगी का अंबार है। मुख्य मार्ग के दोनों तरफ कचरा का ढेर लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कचरे की गाड़ी एक दिन के अंतराल में आती जरूर है। लेकिन काम ही घरों में कचरे का कलेक्शन करते हैं। ऐसे में मोहल्ले के लोग खाली पड़े स्थान पर कचरा फेंकने को मजबूर हैं। हालांकि इस बार स्वच्छता एप में भगत सिंह कॉलोनी की गंदगी की शिकायत की गई हैं। लेकिन सफाई होगी या नही इस पर संसय बना है।

### भोपाल तक पहुंचता है कमीशन

शहर में हर जगह गंदगी फैली हुई है। स्वच्छता के नाम पर पैसों का बंदरबांट हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि सिटाडेल कंपनी के कर्ताधर्ता स्वच्छता को लेकर बिल्कुल संजीदा नहीं है। वही नगर निगम अधिकारियों को वह खुद कंट्रोल करता है। चर्चा है सीटाडेल कपनी बड़ी हाई प्रोफाइल कंपनी है और सफेदपोशों का भी इस पर हाथ हैं। इसीलिए अधिकारी भी साफ -सफाई को नजरअंदाज करते हुए करोड़ों रुपए भुगतान कर रहे हैं।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

## 24 घंटे के अन्दर चितरंगी पुलिस ने किया खुलासा

**सिंगरौली।** पिछले दिनों एक महिला की संदिग्ध मौत से इलाके में हड़कंप मच गया था। लेकिन पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर महिला के हत्यारे को गिरफ्तार कर लिया है। महिला की हत्या पति ने ही की थी। इसका खुलासा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने प्रेस कॉन्फ्रें स कर किया है।

मिली जानकारी के अनुसार ओड़ांगी निवासी पार्वती देवी पति संजू दुबे को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में भर्ती कराया गया था। लेकिन डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था। महिला की मौत की खबर पुलिस को लगी। जहां अस्पताल पहुंच कर मर्ग कायम करते हुये मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया था कि मृतक के गले में चोट के निशान हैं। पुलिस ने संदेहियों से पूछतांछ भी की। इसीबीच महिला का पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी गला दबाकर हत्या की पुष्टि की गई। जिसके बाद पुलिस ने मृतिका की पति से सख्ती से




पूछतांछ की तो पता चला कि उसने ही पत्नी की हत्या की है। उक्त कार्रवाई निरी सुधेश तिवारी, उनि सुरेन्द्र यादव प्रआर लक्ष्मीकान्त मिश्रा, राजू रावत, सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### आरोपी ने ऐसे दिया घटना को अंजाम

मृतिक के परिजनों से विस्तृत पूछताछ में पता चला की संदेही संजू दुबे जो कि मृतिका का पति है। अन्य किसी महिला से प्रेंम संबध था। इसी बात पर आये दिन संजू-पार्वती के साथ झगड़ा और मारपीट करता रहता था। 11 फरवरी को भी ऐसा ही हुआ। संजू के मोबाईल पर एक फोन आया पत्नी ने पूछा की किसका फोन है। उक्त बात से संजू उत्तेजित हो गया एवं दोनों में विवाद शुरु हो गया। जिसकी परिणिति हत्या में बदल गई। आरोपी संजू ने कमरे के अन्दर ही पत्नी का गला दबा दिया। जब पत्नी बेहोस होकर गिर गई तो संजू के पास में पड़े साड़ी के टुकड़े से पुन: गला दबाकर मृत्यु की तसल्ली की। तत्पश्चात चिल्ला कर आसपास के लोगों को बताया कि पत्नी बेहोश होकर गिर गई है।

# कोतवाली पुलिस ने छः मोटर साइकिलो को जप्त करते हुये चोरी करने वाले गिरोह को किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** कोतवाली थाना क्षेत्र में हुई मोटरसाकिल चोरी का पुलिस ने पर्दाफांस किया है। बताया जाता है कि कई स्थानों से छ: मोटरसाकिल चोरी हुई थी। जिन्हें पुलिस चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार करते हुये छ: मोटरसाकिल बरामद की हैं।



पुलिस अधीक्षक के द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बैढ़न पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। वही एएसपी के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक विध्यनगर पीएस परस्ते के नेतृत्व में टीआई अशोक सिंह परिहार व उनकी टीम ने मोटरसाइकिल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 6 चोरी की मोटरसाइकिले बरामद की गई हैं। जिनकी कुल अनुमानित कीमत 5 लाख 50 हजार है। थाना बैढ़न क्षेत्र में लगातार हो रही मोटरसायकल चोरियों को लेकर सभी थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया था। पूर्व में फरियादियों द्वारा थाना बैढ़न में मोटरसायकल चोरी के संबंध में रिपोर्ट लेख कराई गई थी। शहर में सिलसिलेवार हो रही मोटरसायकलों की चोरी को दृष्टिगत रखते हुए कोतवाली प्रभारी निरी अशोक सिंह परिहार द्वारा सासन चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा के नेतृत्व में टीम गठित कर मोटरसायकल चोरों की पता-तलाश की गई। पुलिस टीम द्वारा दो संदिग्ध से पूछताछ करने पर 6 मोटर साइकिल चौरी करना बताया गया। जहां आरोपीगणों से थाना अंतर्गत चोरी हुई अन्य मोटरसायकलों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। उक्त कार्रवाई में निरी अशोक सिंह परिहार, उनि प्रियंका मिश्रा, उनि अभिषेक पाण्डेय, सउनि अरविंद द्विवेदी, सउनि पप्पू सिंह, सउनि लेखचन्द्र डोहर, सउनि सुरेन्द्र रावत, प्रआर जीतेन्द्र सेंगर, मुनेन्द्र राणा, अमित जायसवाल, धर्मेन्द्र रावत, रामकृष्ण बागरी, सुनील सिंह, आर विकास तिवारी, मुनेन्द्र मिश्रा, राजकुमार शाक्य, जीतेन्द्र सिंह, संजू धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा।

# खुले में बिना त्रिपाल ढक कर गिट्टियों का परिवहन जारी

**सिंगरौली।** बैढ़न शहर में हाईवा वाहन बिना त्रिपाल ढक कर गिट्टियों का परिवहन धड़ल्ले के साथ कर रहे है । इनपर रोकने-टोकने वाला कोई नही है। यातायात पुलिस भी अंजान बनी हुई है। दरअसल कलेक्टर एवं एसपी का निर्देश है कि रेत, गिट्टी व राखड़ बिना त्रिपाल ढके किसी भी हालत में परिवहन न करे। लेकिन बैढ़न शहर में भी कलेक्टर के निर्देश का जब पालन नही हो रहा है तो ग्रामीण अंचलों में उक्त निर्देशो का पालन कितना होता होगा। इसी से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है। गत दिवस नौगढ़, कचनी में इसी तरह का नजारा दिखा। जहां एक हाईवा वाहन ओव्हर लोड बिना त्रिपाल से ढके माजन मोड़-बैढ़न की ओर आ रहा था। आरोप है कि यातायात पुलिस की नजर ऐसे वाहन पर नही पड़ती।

# 6 साल में भी अधूरे हैं 1113 प्रधानमंत्री आवास, एक्सन में आयुक्त

## हितग्राहियों को किया जा रहा आवास बनाने के लिए प्रेरित, आयुक्त के भौतिक सत्यापन में हुआ खुलासा

**सिंगरौली**

प्रधानमंत्री आवास योजना की आयुक्त द्वारा बीएलसी घटक के 1113 अपूर्ण आवास जो पिछले 6 वर्षों से हितग्राहियों द्वारा पूर्ण नही किए जा रहे है। जिससे निकाय की जिलेवार प्रगति निम्न स्तर पर है। सभी संबंधित वार्डो के सभी प्रभारी एवं अधिकारियों के द्वारा बताया गया था।

हमारे द्वारा निरंतर हितग्राहियों के आवासों पर जा कर कई बार संपर्क कर प्रेरित किया गया था और आवास का कार्य प्रगति में न होने पर उनको नोटिस भी तमिल की गयी थी लेकिन कुछ ही हितग्राहियों के द्वारा आवास के निर्माण में प्रगति लायी गयी एवं पूर्ण किया गया। सभी समस्या को देखते हुये



आयुक्त ने स्वयं आवासों की भौतिक स्थिति देखने के लिए निर्णय लिया की वार्डो में हितग्राहियों से संपर्क कर आवास को न पूर्ण करने का क्या वास्तविक करण है? वही सुबह 8 बजे कार्यालय में सभी अधिकारी और कर्मचारियों के साथ मीटिंग लिए और वार्ड क्रमांक 45 में सभी संबंधित अधिकारी और कर्मचारी के साथ पहुंचे और अपूर्ण आवासों के हितग्राहियों से मिले जिसमें हितग्राहियों द्वारा विभिन प्रकार की समस्या बताई गयी और बहाना बनाया गया। जैसे किसी को बीमारी हो गई थी, किसी का बच्चा बीमार हो गया, कोई बताया की फसल कट जाएगी तो बनवायेंगे। जिनका आवास निर्माण 4 वर्षो से नही हुआ था । वही कोई बताया की पैसा घर में खर्च हो गया। भिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनाने के बाद उन्होंने सभी को समझाया की यह राशि जो किस्तों में आपको दिया गया वो शासन की थी। जिसकी प्रगति रिपोर्ट हमको हर 15 दिन में बतानी होती है। उन्होने साफ लब्जो में कहा की जो राशि दी गई है उसे वापस करो। ताकि हम शासन को वापस कर सके अन्यथा की स्थिति में आप की सम्पति को जप्त कर वसूली की जाएगी एवं आरआरसी दर्ज की भी करवाई होगी और एफआईआर भी किया।

# केकराव में एसडीएम ने किया वॉलीबॉल प्रतियोगिता शुभारंभ

**सिंगरौली।** केकराव बॉलीबॉल टूर्नामेंट की विधिवत शुभारंभ उपखंड अधिकारी द्वारा चितरंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़नी के अंतर्गत केकराव में वॉलीबॉल टूनामेंट का शुभारंभ करने के लिए चितरंगी उपखंड अधिकारी सुरेश जादव द्वारा किया गया है।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवपुरवा सरपंच लालता प्रसाद बैस ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप सीता राम बैस, आद्या प्रसाद पाण्डेय, रमाशंकर बैस पटवारी,



अमरनाथ प्रजापति सरपंच, रामकुमार बैंस, धर्मजीत सिंह सचिव, सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में शुरू हुआ। यह टूनामेंट तीन दिवसीय खेल खेला जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस भरहरी, चितावल, गड़वानी, बूटवा, खम्महनिया, केकराव, चितरंगी, गुलरिहा, सहित कुल 8 टीमों ने भाग लेकर खेल को खेला इस खेल की शोभा बढ़ाने के लिए जिला पंचायत सदस्त कमलेंद्र सिंह, शिवचरण सिंह सचिव, अश्वनी प्रताप सिंह, मुकेश सिंह, लवकुश गुप्ता, सहित गणमान्य मौजूद थे। इस खेल में रेफरी निर्णायक की भूमिका लाल कुमार सिंह, गौरव बैस कर रहे थे। इस टूनामेंट में संयोजक की भूमिका निभा रहे युवा समाज सेवी लक्ष्मण सिंह बैस ने बताया कि यह आयोजन वॉलीबॉल का बहुत दिनों बाद हो रहा है।

# दो बल्कर ट्रक वाहन जप्त कर किया न्यायालय में पेश

**सिंगरौली।** चार फरवरी को रात्रि गस्त के दौरान थाना विन्ध्यनगर में दो बल्कर वाहन क्रमांक एमपी 16 एचए 3432 व एमपी 19 एचए 3165 नियम उल्लंघन करते हुए ऐस राखड़ ओवरलोड कर परिवहन करते पाये गये। जिनके खिलाफ कार्रवाई करते हुये न्यायालय में पेश किया गया। मिली जानकारी के अनुसार गस्त के दौरान पुलिस को दो ओवरलोड वाहन नियम विरूद्ध तरीके से राख का परिवहन करते पकड़े गये थे।

# सरई रेलवे स्टेशन से कोलयार्ड हटाने एसडीएम को कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**सिंगरौली।** सरई विधानसभा देवसर के अंतर्गत व्याप्त विभिन्न समस्याओं, भ्रष्टाचार, रेत की चोरी तथा जबरन विस्थापन के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरई ने आज दिन शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान तहसील प्रांगण में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं को उठाते हुए शासन-प्रशासन पर उदासीनता का



आरोप लगाया। इस मौके पर बंशमणि वर्मा पूर्व मंत्री, ज्ञानेंद्र द्विवेदी जिला अध्यक्ष, दरोगा पाठक सहित अन्य मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि सरई रेलवे स्टेशन पर कोलयार्ड की समस्या बनी हुई है। ग्राम जद्दूठाटोला, लामीदह, खनुआ, पचौर बंधा, सुलियरी, पिड़रवाह, डोंगरी, झलरी सहित विभिन्न स्थानों पर जबरन विस्थापन किया जा रहा है। लेकिन विस्थापित परिवारों को उचित मुआवजा एवं रोजगार नहीं दिया जा रहा। इसके अलावा नगर परिषद सरई में सड़कों की जर्जर हालत, बिजली की अनियमित आपूर्ति, नालियों की बदतर स्थिति और स्वच्छता की कमी भी प्रमुख समस्याओं में शामिल हैं।

# नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** विंध्यनगर थाना क्षेत्र के ग्रीनहाट कॉलोनी में बीते दिवस एक नाबालिक लड़की के साथ छेड़छाड़ की घटना हुई थी। जहां पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुये आज शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिन एक नाबालिक बालिका द्वारा थाना विन्ध्यनगर में रिपोर्ट किया कि उसके पड़ोस में रहने वाला अविनाश स्वीपर पिछले कुछ दिनों से लगातार गलत नियत से देखता व पीछा करता है व 11 फरवरी को उसके घर में घुसकर छेड़खानी किया है




। पीड़िता की रिपोर्ट पर उपरोक्त आरोपी के विरुद्ध थाना विन्ध्यनगर में धारा 74, 78(1) बीएनएस एवं 7, 8 पाक्सो एक्ट का पंजीबद्ध किया गया और थाना प्रभारी विन्ध्यनगर द्वारा तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम बनाई गई। जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड पर भेजा गया है । थाना प्रभारी विंध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी द्वारा बताया गया कि अगर कोई बदमाश महिलाओं के साथ छेड़छाड़ व गलत हरकत करेगा तो उसे बख्सा नही जायेगा। कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्रवाई में उनि शीतला यादव, अशोक शर्मा, मआर रानू सिंह, आर अमलेश कुमार, प्रताप कुमार की सराहनीय भूमिका रही ।

# सरई तहसील के दुधमनियां में संपन्न हुआ 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ

**सिंगरौली।** जिले के सरई तहसील अंतर्गत ग्राम दुधमनियां में भगवती मानव कल्याण संगठन के बैनर तले 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य समापन



हुआ। बता दे कि यह कार्यक्रम बीते दिन गुरुवार को प्रारंभ होकर 24 घंटे तक संगीतमय तरीके से चलता रहा। जो आज दिन शुक्रवार को संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। वही नए भक्तों ने नशा मुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान जीवन जीने का संकल्प लेते हुए, धर्म की रक्षा, राष्ट्र की रक्षा, मानवता की सेवा करने का संकल्प लिया। इस मौके पर भगवती मानव कल्याण संगठन के जिला प्रभारी प्रेम सागर गुप्ता, हिंछलाल पटेल, स्वामी शरण गुप्ता, राजू पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर जिला प्रभारी प्रेमसागर गुप्ता ने चिंतन देते हुए कहां कि जब-जब मानव समाज भटका है। तब तक धर्मगुरुओं ने ही उसे दिशा दी है। आज जिस तरह से समाज भटक रहा है। उसे सही दिशा देने के लिए धर्म सम्राट युग चेतना पुरुष परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज ने एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत की है।

# कोलवाहन से दो की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने बसों को फूंका

## सिंगरौली के गड़ाखाड़ में तनाव की स्थिति, मौके पर पहुंचे आलाधिकारी

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न से तकरीबन 35 किलोमीटर दूर स्थित माड़ा थाना क्षेत्र के अमिलिया घाटी के पास कोल वाहन से दो लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने अदाणी कंपनी के सिफ्ट बसों को आग के हवाले कर दिया। ग्रामीणों ने गड़ाखाड़ में जाम लगाकर तनाव की स्थिति पैदा कर दी है। मौके पर जिले के आलाधिकारी पहुंच गये हैं।



बताया जाता है कि आज दिन शुक्रवार की दोपहर तकरीबन 3 बजे अमिलिया घाटी के पास कोल वाहन से बाईक सवार दो लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद शाम तकरीबन 5 बजे स्थानीय ग्रामीणों ने गड़ाखाड़ चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। उसी दौरान बैढ़न अदाणी टाउनशिप से बसें सिफ्ट लेकर कर्मचारियों को अदाणी पावर बंधौरा जा रही थी। जैसे ही बसें गड़ाखाड़ चौराहे पर पहुंची तो स्थानीय गुस्साएं ग्रामीणों ने सभी सिफ्ट बसों के गेट को बन्द करते हुये आग लगाने लगे। किसी तरह बसों के अन्दर बैठे वर्कर अपनी जान बचाते हुये बसों से कूद गये। जैसे ही बस खाली हुई तो ग्रामीणों ने कई बसों को आग के हवाले कर दिया। जहां बस धू-धूकर जलने लगी। बताया जाता है कि ग्रामीणों ने कंपनी के कर्मचारियों के साथ भी मारपीट की है। वही बेकाबू भीड़ को रोकने पहुंची पुलिस को भी खदेड़ा गया। जहां कई पुलिस वालों को भी चोट आई है। मौके पर तनाव की स्थिति निर्मित है। जहां जिले भर के पुलिस आलाधिकारी मौके पर पहुंच मामले को शांत कराने में लगे हुये हैं। वही डीआईजी व प्रभारी आईजी साकेत पाण्डेय ने कहा कि घटना में दो लोगों की मौत हुई है। काफी भीड़ एकत्रित हुई है। तनाव की स्थिति है। मौके पर एसपी को भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत अष्टभुजी माता मंदिर परिसर गोतरा में 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

## जिला पंचायत अध्यक्ष तथा कलेक्टर ने नवविवाहित जोड़ों को दी शुभकामनाएं





**सीधी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत जनपद पंचायत कुसमी अंतर्गत कन्या विवाह/निकाह के कार्यक्रम में अष्टभुजी माता मंदिर परिसर गोतरा में 130 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। विवाहोपरांत नव विवाहित जोड़ों ने मा अष्टभुजी का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, जनपद पंचायत कुसमी की अध्यक्ष श्यामवती सिंह तथा कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने नवविवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी तथा 49 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हीराबाई सिंह, उपखण्ड अधिकारी कुसमी प्रिया पाठक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ज्ञानेंद्र मिश्रा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा विवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं तथा जनपद पंचायत कुसमी के कार्यालयीन स्टाफ की तरफ से गिफ्ट भी भेंट किया गया।

पूरे वैदिक रीति रिवाजों के साथ मंत्रोच्चारण के साथ सभी जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से उत्सव का माहौल था। सभी कन्याओं के माता-पिता ने पूरे सम्मान के साथ कन्यादान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की इस योजना ने सभी बेटियों के माता-पिता को चिंता से मुक्त कर दिया है। आज किसी भी गरीब को अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार न सिर्फ बेटियों के गरिमामय विवाह की व्यवस्था कर रही है बल्कि उनके नए जीवन की शुरुआत के लिए 49 हजार रुपये की सौगात भी दे रही है। कन्याओं के परिजनों ने सरकार की इस पहल की सराहना की है।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, पुलिस विभाग से थाना प्रभारी कुसमी, बीआरसी, उपयंत्री, सचिव, ग्रामरोजगार सहायक, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग का भी सहयोग सराहनीय रहा। मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम को संचालित करने में अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष गोतरा मंदिर द्वारा भरपूर सहयोग प्रदान किया गया।

# जलवायु अनुकूल पंचायतों की क्षमता वृद्धि के लिए जनपद के सभागार में कार्यशाला आयोजित



**सीधी।** जिला पंचायत के सहयोग से सीधी जनपद के सभागृह में जनपद पंचायत सीधी की 21 ग्राम पंचायतों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सरपंच, सचिव और सहायक इंजीनियरों को डब्लूआरआई इंडिया और टीआरआई के सहयोग से महात्मा गांधी नरेगा के तहत किए जा सकने वाले कार्यों पर चर्चा की गई।

इसके बाद डब्लूआरआई इंडिया की सहयोगी संस्था आईएलआरटी ने जलवायु अनुकूल पंचायतों की क्षमता वृद्धि पर प्रकाश डाला। साथ ही महुआ, कटहल और बांस जैसी वन उपजों को वैल्यू चेन मार्केट लिंकेज से जोड़कर ग्रामीणों की आजीविका कैसे बढ़ाई जा सकती है और भूदृश्य बहाली में योगदान कर सके और पंचायतों को जलवायु अनुकूल बनाया जा सके इस पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस कार्यशाला में सीधी जनपद के खंड पंचायत अधिकारी श्री सुभाष श्रीवास्तव, ग्रामीण आजीविका मिशन के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधन श्री अशोक पांडे ने कहा कि ग्राम पंचायत की कार्य योजना में महुआ,कटहल और बांस के पौधों को अपने पौधा रोपण में शामिल किया जाए। डब्लूआरआई इंडिया से सीनियर प्रोग्राम एसोसिएट श्रीमती ज्योति यादव, टीआरआई से श्री संकेत और आईएलआरटी संस्था से प्रोग्राम मैनेजर श्री हिमांशु भारतद्वाज, संजय शर्मा, राकेश साहू और राज बोहर एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

# स्टॉप नर्स, एएनएम, पैरामेडिकल स्टॉप व अन्य समकक्ष पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा 18 से

सीधी

संयुक्त कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया कि म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल द्वारा समूह 5 के अन्तर्गत स्टॉप नर्स, ए.एन.एम,पैरामेडिकल स्टॉप व अन्य समकक्ष पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा-2025 दिनांक 18.02.2025 से 25. 02.2025 तक केन्द्र कमांक 45001 कमला मेमोरियल कालेज सीधी (प्रथम पाली प्रात: 09 से 11 बजे तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 02 से 04 बजे तक) आनलाईन आयोजित की गयी है। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केन्दों पर रिपोर्टिंग का समय प्रथम पाली में प्रात: 07 बजे से 08.30 बजे तक व द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से 1.30 बजे तक नियत है।

उन्होंने अधीक्षण यंत्री एम.पी.ई.बी. को निर्देशित किया है कि दिनांक 18.02.2025 से 25.02.2025 तक सीधी जिले के परीक्षा केन्द्र 45001 कमला मेमोरियल कालेज सीधी में विद्युत व्यवस्था/प्रवाह सतत रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही दूरसंचार विभाग सीधी परीक्षा केन्द्र के आस-पास दिनांक 18.02.2025 से 25.02.2025 तक किसी प्रकार की खुदाई से सम्बन्धित कार्य नहीं करेंगे एवं उक्त स्थान पर नेट वर्किंग की व्यवस्था सुचारू रूप से प्रवाह सतत रूप से बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

# भारतीय मजदूर संघ की बैठक आयोजित

**चुरहट।** भारतीय मजदूर संघ सबद्य यूनियन भारतीय भवन एवं अन्य का सनिर्माण मजदूर संघ रीवा संभाग की एक आम सभा गांधी चौक सीधी में बब्बू साकेत की अध्यक्षता में दिनांक 14 फरवरी 25 को समय 12 बजे दिन से आरंभ की गई। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ जिला सीधी के जिला महामंत्री दीप नारायण द्विवेदी एवं निर्वाचन अधिकारी के रूप में बाबूलाल साकेत संभागीय महामंत्री भार तिय भवन एवं अन्य का सनिर्माण मजदूर संघ रीवा संभाग रहे बैठक में सर्वसम्मत से सुदर्शन साकेत बडखरा को सह मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद संघ के लोगों ने हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं दी।

# नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ की गई बैठक



**सीधी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष श्री प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के क्रम में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन दिनांक 08 मार्च 2025 को जिला न्यायालय सीधी तथा सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में किया जायेगा। दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु शुक्रवार 14-02-2025 को प्रधान जिला न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर के मागदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के द्वारा समस्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं अधिवक्तागण के साथ प्रीसिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रयाग लाल दिनकर ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित किया कि लंबित राजीनामा योग्य प्रकरण जिनमें पक्षकार के मध्य सहमति बन सकती है उसे लोक अदालत हेतु चिन्हित करें। श्री दिनकर ने बीमा कंपनी को निर्देशित करते हुये कहा कि बीमा कंपनी राजीनामा योग्य प्रकरण को लोक अदालत हेतु चिन्हित करें ताकि आगे होने वाली प्रीसिटिंग बैठक में आवेदकों के मध्य चर्चा की जा सके।

उक्त बैठक में अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री बृजेन्द्र सिंह, श्री गौतम कुमार गुजरे चतुर्थ जिला न्यायाधीश, सुश्री उर्मिला यादव प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सीधी के न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, श्री लक्ष्मण डोडवे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती शोभना मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री सोनू जैन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री कपिल देव काछी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्री अभिषेक साहू न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, श्री बाबूलाल सिंह श्रीवास्तव डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल, पैनल अधिवक्तागण श्री राजेन्द्र सिंह परिहार, श्री यज्ञप्रताप सिंह, श्री सूर्यकांत पाण्डेय, श्री उदयकमल मिश्रा,, श्रीमती सुजाता मिश्रा, श्री विद्याकांत मिश्रा, श्री धर्मोत्तम पाण्डेय, श्री रामराज सिंह चन्देल, श्री अरूण सिंह सेंगर, श्री अरविंद कुमार गोस्वामी, श्री रामभजन गुप्ता, श्री महेश दयाल पटेल, श्री विजय चन्द्र गौतम, श्री महेन्द्र सिंह चौहान, श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, श्री नन्दलाल पाण्डेय, श्री संतोष कुमार द्विवेदी, श्री महेन्द्र कुमार मिश्रा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह सहित अन्य अधिवक्तागण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वैवाहिक सीजन में बाजार में बिक रही दूषित खाद्य सामग्री

**सीधी।** शहर में बेरोंकटोक सड़े फल व दूषित खाद्य सामग्री बेंची जा रही है। कारोबारी अच्छी सामग्री के बीच में सड़े-गले फलों को मिक्स करके रखते हैं और ग्राहकों की नजर बचाकर पैक कर देते हैं। नगर पालिका और खाद्य सुरक्षा विभाग की अनदेखी के चलते वैवाहिक सीजन में बाजार में सड़े फल और दूषित खाद्य सामग्री धड़ल्ले से बेंची जा रही है। जिससे लोग बीमारियों की चपेट में आ रही है। इस साल प्रशासन द्वारा इन पर अंकुश लगाने के लिए कोई मुहिम शुरू नही की गई है। जिससे नपा और खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की अनदेखी शहर के नागरिकों पर भारी पड़ रही है। मालुम हो कि गत वर्ष नगर पालिका की स्वास्थ्य शाखा, खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुहिम चलाकर दूषित फलों को फिकवाने और कार्रवाई करने के साथ ही होटल, रेस्टोरेंट और नास्ता आदि की ठेलो पर बिकने वाली खाद्य सामग्री की जांच की जाती थी और सेंपल भी लिए जाते थे वही ज्यादा लापरवाही पाये जाने पर कार्रवाई भी की जाती थी। लेकिन इस बार ऐसा कुछ देखने में नही आ रहा है। चाय-नास्ता की दुकानों और हांथ ठेला आदि का समोसा, कचौड़ी, पोहा-जलेबी, पूड़ी, चाट आदि खाद्य सामग्री बगैर ढंके ही धड़ल्ले से बेंची जा रही है। जिससे इन पर मख्खी-मच्छर भिनभिनाते रहते है। वहीं सडक़ से उडने वाली धूल इन पर लगती है। जिससे यह खाद्य सामग्री दूषित हो जाती है। और इन्हे खाने से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में नागरिक आते है। नास्ता आदि बनाने वाले ज्यादातर दुकानदार जिस कढ़ाई में समोसे-कचौड़ी बनाते है उस कढ़ाई का तेल महीनो नही बदला जाता और न ही उन्हे साफ किया जाता है। थोड़ा कम तेल होने पर और तेल उसी कढ़ाई में डाल दिया जाता है। इस प्रकार कढ़ाई का तेल महीनो चल जाता है। शहर में खाद्य सामग्री बनाते समय कई जगह साफ-सफाई व स्वच्छता का ध्यान नही रखा जाता है। लिहाजा तैयार की गई खाद्य सामग्री प्रदूषित हो जाती हैं। प्रदूषित खाद्य सामग्रियों का सेवन करने से लोग पेट की बीमारी से ग्रसित होकर दवाई कराने के लिए मजबूर हो जाते हैं।

सब्जी मंडी से लेकर सोनांचल बस स्टैण्ड, गांधी चौक, मानस भवन, अस्पताल तिराहा, सम्राट चौक आदि जगहों पर हांथ ठेलों पर सड़े-गले फल बेंचे जा रहे है। कई बार ग्राहकों को कम कीमत का लालच देकर उन्हे ये फल बेंच दिए जाते है। तो कई बार अच्छे फलों के बीच सड़े फल रखकर बेंचे जा रहे है। वहीं कटे फलों पर मक्खी-मधुमक्खी और बरैया आदि भिनभिनाती रहती है और ग्राहकों के आने पर मक्खी आदि भगाकर यही फल ग्राहकों को बेंच दिए जाते है।

# चुरहट थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

**चुरहट।** महाशिवरात्रि और शबे बारात के मद्देनजर चुरहट थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी अतर सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि, समाजसेवी पत्रकार और वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे। बैठक का उद्देश्य आगामी त्योहारों के दौरान क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखना था। थाना प्रभारी अतर सिंह ने बैठक के दौरान कहा कि आमजन की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि महाशिवरात्रि और शबे बारात के दौरान 24 घंटे पुलिस सतर्क रहेगी और हर स्थिति पर नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में पुलिस प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा। बैठक में लोगों से उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने गए। थाना प्रभारी ने नागरिकों से अपील की कि अगर कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें साथ ही जरूरत पडने पर आप सब हर वक्त हमारे नम्बर में सीधे बात कर सकते है उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगेए ताकि श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# 10 वी बोर्ड परीक्षा में लागू रहेगी बेस्ट ऑफ फाइव योजना

**सीधी।** एमपी बोर्ड ने बेस्ट ऑफ फाइव योजना को इस वर्ष के लिए बढ़ा दिया है। यह योजना पिछले अप्रैल माह में रद्द कर दी गई थी, लेकिन इसे फिर से शुरू किया गया है।

## क्या है बेस्ट ऑफ फाइव योजना

इस योजना के तहत कक्षा 10 वी के 6 विषय में से किन्ही पांच विषयों में अगर छात्र पास हो जाता है तो उसे पास माना जाएगा। इस योजना को बढ़ाने के लिए इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल के सचिव ने 11 फरवरी को आदेश जारी किया है। हालांकि छात्रों को पास होने के लिए 33: अंक लाना तो जरूरी है लेकिन यदि 6 में से एक प्रश्न पत्र में वह फेल भी हो जाता है तो वह पास माना जाएगा। यह योजना दसवीं बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और सफलता की अधिक संभावना प्रदान करने के लिए लागू की गई है। छात्रों के लिए परीक्षा परिणाम तैयार करने में उनके 6 में से 5 सर्वश्रेष्ठ विषयों को शामिल किया जाएगा यदि कोई छात्र किसी एक विषय में फेल हो जाता है तो भी उसे पास घोषित किया जाएगा।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी में नदारद रहते हैं चिकित्सक

सीधी

जिले के बहरी में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो नवीन तहसील भवन के पास स्थित है। जहां दूरभाष के द्वारा खबर मिली कि चिकित्सालय से ड्यूटी डॉक्टर नदारद हैं और मरीज परेशान हो रहे हैं। बताते चलें कि जहां एक तरफ प्रदेश सरकार आयुष्मान योजना और तमाम सारी सुविधाएं आम जन को मुहैया कराने का दंभ भर रही वही अस्पतालों में पलिदा लगाया जा रहा है। बहरी अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी अमित वर्मा अपने हेतु 18 फरवरी को छुट्टी पर गए हुए हैं। जहां उनके एवज में डॉ. विश्वास और डॉ. वीरेश की अलग अलग दिनों में ड्यूटी लगाई गई लेकिन आज निरीक्षण उपरांत दोनों महाशय नदारद रहे। साथ ही भर्ती मरीजों से पूछने पर पाया गया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें चाय बिस्किट इत्यादि कोई भी चीज नहीं मिल रही है। हॉस्पिटल में सिर्फ दो नर्स स्टॉफ सोनम गौतम और सुमित्रा पटेल उपलब्ध हैं जो 24/36 घण्टे सेवाएं दे रहीं हैं। इनके जिम्मेदार खंड चिकित्सा अधिकारी संजय पटेल भी पूरी तरह से मनमानी करते हैं शिकायत मिली कि वो फोन भी नहीं उठाते। देखना बड़ा दिलचस्प होगा कि इनके वरिष्ठ अधिकारी इस बात को संज्ञान में लेते हैं या इनके ही रंग में रंगे रहेंगे।

**विधायक के कहने पर मैने किया निरीक्षण: रितेश**

इस मामले में रितेश गुप्ता ने बताया कि विधायक विश्वामित्र पाठक के निर्देश पर अस्पताल पहुंचा। मेरे सामने कई मरीज अस्पताल से आ कर वापस जा रहे थे। पूंछने पर पर पता चला कि डॉ. विश्वास और डॉ. वीरेश की अलग-अलग ड्यूटी लगी हुई है लेकिन कई दिनों से कोई नहीं आ रहा है। जहां नर्सिंग में स्टाफ की कमी देखी गई। भाजपा सरकार और विधायक के द्वारा गरीब जनता के लिए लगातार व्यवस्था दुरुस्त कराई जाती है, अस्पताल में चिकित्सक की अनुपस्थिति बहुत ही लापरवाही का विषय है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस में एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का हुआ आयोजन



**सीधी।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय विशेष भर्ती अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में प्राचार्य डॉ. पी.के. सिंह के निर्देशन में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन दिनांक 13 फरवरी 2025 को किया गया। कार्यक्रम में डीएम सीएफएस पुणे, डीएमसीएफएस इस हियरिंग फार मैंनबुकिं/ अनअकैडमी (ऑनलाइन मोड) प्रगतिशील एग्रोटेक/ प्रगतिशील बायोटेक/ उत्कर्ष आदि कंपनियों ने स्किल डेवलपमेंट/ मैन्यु फैक्चरिंग/ स्टाफिंग रिक्रूटमेंट/एडु चेक/ एग्रीकल्चर/ माइक्रो फाइनेंस आदि सेक्टर में ट्रेनिं/ रिक्रूटर/ कोऑर्डिनेटर एन ए पी एस ट्रेनिंग (अप्रेंटिक)/ काउंसलर /टीम लीडर /मैनेजर/ सेल्स एग्जीक्यूटिव/ फील्ड ऑफिसर (टीसीओ)/ (टीसीओ)/ रिलेशनशिप ऑफिसर पदों के लिए इंटरव्यू लिए गए जिसमे कुल 293 अभ्यर्थियों ने पंजीयन कराया। पंजीयन में कंपनी बार अभ्यर्थियों की संख्या- डीएमसीएफएस पुणे- 74 अभ्यर्थी, प्रगतिशील बायोटेक - 100 अभ्यर्थी, एग्रोटेक -150 अभ्यर्थी, चौतन्य इंडिया फिन क्रेडिट- 175 रही। कंपनियों ने अभ्यर्थियों के इंटरव्यू लेकर स्क्रुटनी कर जॉब ऑफर लेटर उनके ईमेल आईडी में प्रेषित करेंगे।

जिला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन डॉ ए के त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के प्लेसमेंट अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रो. विनोद कुमार साकेत के नेतृत्व में आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव में ब्रांडिंग प्रचार प्रसार एवं सोशल मीडिया समिति के संयोजक डॉ. नागेंद्र सिंह, पंजीकरण संयोजक डॉ. दिलीप कुमार सोनी, उमेश कुमार सोनी प्रो. पुष्पेंद्र कुमार शाह, नियोक्ता समन्वयक समिति के संयोजक डॉ उमेश कुमार विश्वकर्मा,आवास व्यवस्थापक राकेश कुमार प्रजापति तथा डॉ. निवेदिता लखेरा, डॉ. राजलाल पटेल, डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. कोमल पांडेय डॉ. शशि कला पटेल, डॉ. कन्हैया लाल प्रजापति, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. रितु साहू, डॉ. बृजेश सिंह चौहान, डॉ. आशुतोष पांडेय का सहयोग रहा। प्लेसमेंट ऑफिसर प्रो. विनोद कुमार साकेत ने सभी के प्रति सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

## संपादकीय

### तेजस में देरी ठीक नहीं

बेंगलुरु में हो रहे एयरो इंडिया 2025 के दौरान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के इस बयान का चर्चा में आ जाना हैरत पैदा करता है कि उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी हेल की क्षमता पर भरोसा नहीं है। हालांकि यह किसी आधिकारिक ब्रीफिंग का हिस्सा नहीं था, लेकिन यूट्यूब पर जारी विडियो एयरो इंडिया से जुड़े कार्यक्रम का है।वैसे यह कोई पहला मौका नहीं है जब देश के किसी वायु सेना प्रमुख ने हेल की ओर से सप्लाई में देरी को मुद्दा बनाया हो, लेकिन जिस तरह से और जिस मौके पर यह बयान आया, वह सामान्य नहीं है। देश की रक्षा तैयारियों को लेकर इस तरह के विवाद कोई अच्छा संदेश नहीं देते।इस बयान के पीछे छुपी वायु सेना प्रमुख की चिंता समझी जा सकती है। एयरफोर्स को फाइटर जेट तेजस मिलने में एक साल से ज्यादा की देर हो चुकी है। इस तरह की देरी बहुत गंभीर है। इससे एयरफोर्स की लड़ाकू क्षमता इससे प्रभावित होती है। एयरचीफ मार्शल की इस शिकायत को हलके में नहीं लिया जा सकता कि बार-बार कहने और नई डेडलाइन देने के बाद भी उसका पालन नहीं हो पा रहा। सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर इस तरह की देरी की क्या वजहें हैं। ्रुकी ओर से कहा गया है कि जो भी तकनीकी बाधाएं थीं, वे अब दूर हो गई हैं और इसीलिए आने वाले तीन वर्षों की समयावधि में एयरफोर्स को 83 तेजस दे दी जाएंगी। दरअसल इस प्रक्रिया से कई तरह की जटिलताएं जुड़ी होती हैं। देरी की एक बड़ी वजह अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस की ओर से समय पर एफ404 इंजन की सप्लाई नहीं हो पाना भी है। दोनों देशों के बीच तकनीकी हस्तांतरण समझौतों की जटिलता भी इसमें आड़े आती है।एयर चीफ मार्शल की बात को भारत की सीमा संबंधी चुनौतियों से जोड़कर भी देखा जाना जरूरी है। चीन की सैन्य क्षमता भारत से कहीं ज्यादा है। हाल ही में उसने छठी पीढ़ी के जे-36 फाइटर जेट्स की नुमाइश की थी, वहीं दो वर्षों में पाकिस्तान को उससे स्टेल्थ जेट भी मिलने वाले हैं।

**दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के परिणाम 8 फरवरी यानी कि शनिवार को आ चुके हैं, जिसमें भाजपा ने 27 वर्ष के बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनावी रणभूमि में भाजपा को 48 और आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं, वहीं कांग्रेस लगातार तीसरी बार बिना कोई सीट हासिल किये शुन्य की हैट्रिक लगाने में सफल रही है। भाजपा गठबंधन को आम आदमी पार्टी से 3.6 फीसदी ज्यादा मत मिले हैं, जिसके चलते वह आप से 26 सीटें ज्यादा जीतने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गये जीत के मंत्र के दम पर ही दिल्ली चुनाव में भाजपा ने वर्ष 2020 के मुकाबले लगभग 9 फीसदी वोट ज्यादा हासिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी को लगभग 10 फीसदी वोटों का नुकसान हुआ है और कांग्रेस का भी 2 फीसदी वोट बढ़ गया है।**

# 'मोदी मंत्र' से दिल्ली के अभेद्य दुर्ग को आखिरकार जीत ही गयी 'भाजपा'

(दीपक कुमार त्यागी)

दिल्ली की चुनावी रणभूमि में अरविंद केजरीवाल की हार की सबसे बड़ी वजह रही है कि केजरीवाल के खिलाफ नरेन्द्र मोदी का खुद चेहरा बनना। वहीं रही-सही कसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा केजरीवाल सरकार के शराब घोटाला व भ्रष्टाचार आदि के मुद्दों को उठाने ने पूरी कर दी थी।

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के परिणाम 8 फरवरी यानी कि शनिवार को आ चुके हैं, जिसमें भाजपा ने 27 वर्ष के बाद स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। चुनावी रणभूमि में भाजपा को 48 और आम आदमी पार्टी को 22 सीटें मिली हैं, वहीं कांग्रेस लगातार तीसरी बार बिना कोई सीट हासिल किये शुन्य की हैट्रिक लगाने में सफल रही है। भाजपा गठबंधन को आम आदमी पार्टी से 3.6 फीसदी ज्यादा मत मिले हैं, जिसके चलते वह आप से 26 सीटें ज्यादा जीतने में सफल रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा दिये गये जीत के मंत्र के दम पर ही दिल्ली चुनाव में भाजपा ने वर्ष 2020 के मुकाबले लगभग 9 फीसदी वोट ज्यादा हासिल किया है। वहीं आम आदमी पार्टी को लगभग 10 फीसदी वोटों का नुकसान हुआ है और कांग्रेस का भी 2 फीसदी वोट बढ़ गया है। वर्ष 2020 से तुलना करें तो चुनावी रणभूमि में भाजपा की 71 फीसदी स्ट्राइक रेट के साथ 40 सीटें बढ़ीं हैं, भाजपा ने 68 सीटों पर चुनाव लड़कर 48 सीटें जीतीं। वहीं आम आदमी पार्टी का स्ट्राइक रेट 31 फीसदी रहा, उसको 40 सीटों का नुकसान हुआ है।

वैसे देखा जाए तो वर्ष 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनाव दर चुनाव गैर भाजपाई सरकार वाले राज्यों में भाजपा की पताका को लहराने का कार्य बखूबी किया है, लेकिन भाजपा देश के दिल दिल्ली को जीतने में बार-बार प्रयास के बावजूद भी विफल हो रही थी, लाख प्रयास के बावजूद भी दिल्ली की चुनावी रणभूमि में भाजपा का शीर्ष नेतृत्व अरविंद केजरीवाल की कोई ठोस काट धरातल पर नहीं ढूंढ पा रहा था। वर्ष 2014 से ही केंद्र की सत्ता पर काबिज होने बावजूद भी दिल्ली की जनता बार-बार भाजपा को नकारने का कार्य कर रही थी, जो स्थिति भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बहुत ज्यादा असहज करने वाली थी। चुनाव दर चुनाव भाजपा का शीर्ष नेतृत्व दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार का कोई तोड़ नहीं निकाल पा रहा था। भाजपा का



शीर्ष नेतृत्व दिल्ली की सत्ता हासिल करने के लिए लगातार आत्ममंथन कर रहा था कि आखिरकार बार-बार कसर कहां पर रह जाती है, किसी कारण से दिल्ली का मतदाता लोकसभा चुनावों में भाजपा को गले लगा लेता है लेकिन वह विधानसभा चुनावों में दुत्कार देता है। दिल्ली के मसले पर देश के राजनीतिक गलियारों में भी केजरीवाल की सफलता का उदाहरण दिया जाने लगा था कि किस तरह से बहुत ही कम समय में वह दिल्ली के मतदाताओं के दिलों पर छा गए थे और फिर वर्ष 2013, वर्ष 2015 और 2020 में उन्होंने आम आदमी पार्टी की दिल्ली में सरकार बनाने का कार्य किया था। लेकिन इस बार दिल्ली के विधानसभा चुनावों में %मोदी मंत्र% ने स्थिति को बदलने का कार्य कर दिया है। मतदाताओं ने दिल खोलकर के भारतीय जनता पार्टी की झोली भरने का कार्य किया कर दिया है, मोदी के चहरे के दम पर ही दिल्ली विधानसभा चुनावों में 48 सीट जीतकर के 27 वर्षों के बाद सत्ता पर काबिज होने का भाजपा को अवसर मिला है। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों के बहुत बड़े वर्ग का मानना है कि भारतीय राजनीति में जब अरविंद केजरीवाल का पदार्पण हुआ था तो उस वक्त केजरीवाल ने दिल्ली व देश की जनता को संदेश दिया था कि वह ईमानदारी के साथ देश के विकास के लिए बिना किसी पूर्वाग्रह से पीड़ित हुए स्वच्छ गांधीवादी राजनीति करेंगे। उस वक्त केजरीवाल ने लोगों को बहुत-बहुत बड़े सपने दिखाए थे, राजनीतिक जीवन के लिए उच्च श्रेणी के मानदंड रखने का कार्य किया था, लेकिन जैसे ही वर्ष 2013 में केजरीवाल के हाथ दिल्ली की सत्ता आयी वह राजनीति में शुचिता लाने की बाद एक-एक करके भूलने लग गये थे। केजरीवाल ने गाड़ी, बंगाल और सुरक्षा पर बनाये गये अपने ही सिद्धांतों को सबसे पहले तिलांजलि देने का कार्य किया था, फिर केजरीवाल ने धीरे-धीरे दिल्लीवासियों को फ्री सुविधा देने का लालच देना शुरू किया और लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनकर के दिल्ली की सत्ता का जमकर के आनंद लिया। लेकिन इस बार वह अपने द्वारा बनाए सिद्धांतों के इसी चक्रव्यूह में बुरी तरह से फँस गए थे, क्योंकि राजनीति के लिए केजरीवाल के खुद के द्वारा तय किए गए सभी मापदंड उनके ही हाथों पूरी तरह से ध्वस्त कर दिये गये थे। दिल्ली के मतदाताओं को केजरीवाल की कथनी व करनी में स्पष्ट अंतर नज़र आने लग गया था। दिल्ली के वासियों ने करीब से देखा कि ईमानदारी, सुचिता व जमीन पर रहकर के आम आदमी से जुड़े रहने की राजनीति के सिद्धांतों पर केजरीवाल एंड कंपनी केवल फाइलों के भीतर ही अमल कर रही है, केजरीवाल का एक-एक करके साथ छोड़ते पुराने साथी पार्टी के भीतर लोकतंत्र के हाल पर जनता के बीच जाकर के गवाही दे रहे हैं, जिसका पूरा लाभ टीम मोदी ने इस बार के विधानसभा चुनावों में लिया और केजरीवाल को दिल्ली की सत्ता से बेदखल करने का काम कर दिया।

जिस तरह से देश के दिल राजधानी दिल्ली की चुनावी रणभूमि में नरेन्द्र मोदी सेना ने जबरदस्त ढंग से हमलावर होकर के केजरीवाल की सेना को करारी हार देकर के प्रचंड विजय हासिल की है, वह आगामी कई दशकों तक देश की चुनावी राजनीति में एक नज़ीर बन गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमलों के आगे टीम अरविंद केजरीवाल के सामने दिल्ली की चुनावी रणभूमि में लड़ना इस बार बेहद ही कठिन कार्य था, लेकिन फिर भी अरविंद केजरीवाल की दिल्ली के मतदाताओं के लिए फ्री बांटों की रणनीति की काट ढूंढना देश के भोले-भाले आम जनमानस को असंभव लगता था, क्योंकि केजरीवाल ना सिर्फ चुनावी रणभूमि में मतदाताओं से तरह-तरह के लोकलुभावन वादे ही कर रहे थे, बल्कि वह पहले से ही बहुत सारी फ्री की रेवड़ियां बांटने की घोषणाओं पर धरातल पर अमल भी कर रहे थे।

# कुम्भ में कल्पवास:आध्यात्मिक चेतना के उत्कर्ष का साधना पथ

**पाठकों के मन में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि कल्पवास क्या है, कल्पवास करने के नियम क्या है, इस एक मास की अवधि में दिनचर्या क्या होती है? मैं इस समय महाकुंभ में कल्पवास कर रहा हूं। प्रस्तुत लेख में कल्पवास पर अनुभवजन्य विचार रखने का प्रयत्न करता हूं। कल्पवास का परम लक्ष्य मोक्ष की कामना है। कल्पवास करने से एक कल्प अर्थात् ब्रह्मा के एक दिन के बराबर तप एवं दान-दक्षिणा का पुण्यफल प्राप्त होता है। हिंदू काल गणना में निमेष लघुतम तथा कल्प महत्तम इकाई है।**

(प्रमोद दीक्षित मलय)

तीर्थराज प्रयागराज में सतत प्रवाहित सदानीरा सुरसरि मां गंगा के अंचल में चमकती सिलेटी रेती में प्रत्येक वर्ष माघ महीने में पौष पूर्णिमा से माघ पूर्णिमा तक कल्पवास करने की प्राचीन परम्परा अद्यावधि गतिमान है। कल्पवास बारह वर्षों की एक अविराम सात्विक साधना है जो एक महाकुंभ से आरंभ होकर दूसरे महाकुंभ में पूर्ण होती है। कल्पवास के पूर्ण होने पर उद्यापन अंतर्गत श्रीमद्भागवत पुराण कथा श्रवण, तीर्थ पुरोहित को शैय्या दान एवं भंडारा करने का लोक विधान है। वास्तव में कल्पवास व्यक्ति द्वारा आत्म साक्षात्कार कर आध्यात्मिक मनीषा के उत्कर्ष का साधना पथ है, सात्विक वृत्तियों के जागरण का काल है। व्यष्टि से समष्टि की कल्याण-कामना की विशेष अनुभूति है, प्रतीति है। कल्पवास व्यक्ति की सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना के परिष्कार की अंतर्यात्रा है, दैहिक संस्कार-शोधन एवं परिमार्जन की हितकारिणी विधा है। कल्पवास पुण्यार्जन की पुनीत कथा है तो संयमित जीवन जीने की कमनीय कला भी। सहकार एवं समन्वय दृष्टि का उन्मेष है, नवल सर्जना को आतुर-उत्कंठित अनिर्वचनीय आग है तो जड़-चेतन के प्रति आनंद, अभिनंदन एवं आत्मीयता का मधुर राग भी। कह सकते हैं, कल्पवास सुप्त मानव मन में दैवत्य जाग्रत कर साहचर्य एवं सायुज्यता का मृदुल सुवासित आगार है, प्रकृति के प्रति कृतज्ञता-आभार है।

पाठकों के मन में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि कल्पवास क्या है, कल्पवास करने के नियम क्या है, इस एक मास की अवधि में दिनचर्या क्या होती है? मैं इस समय महाकुंभ में कल्पवास कर रहा हूं। प्रस्तुत लेख में कल्पवास पर अनुभवजन्य विचार रखने का प्रयत्न करता हूं। कल्पवास का परम लक्ष्य मोक्ष की कामना है। कल्पवास करने से एक कल्प अर्थात् ब्रह्मा के एक दिन के बराबर तप एवं दान-दक्षिणा का पुण्यफल प्राप्त होता है। हिंदू काल गणना में निमेष लघुतम तथा कल्प महत्तम इकाई है। सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग को मिलाकर चतुर्युग कहते हैं।? 71 चतुर्युग से एक मन्वंतर



बनता है, जिसका स्वामी मनु कहलाता है। 14 मन्वंतरों के योग से एक कल्प का समय निर्धारण होता है जो ब्रह्मा का एक दिन कहलाता है। वर्तमान में 7वां मन्वंतर वैवस्वत मनु चल रहा है। तो एक महीने कल्पवास करने से 14 मन्वंतरों में किए गये दान, जप, तप आदि के बराबर फल मिलता है और सभी पापों का क्षय हो जाता है। कल्पवास करने और पुण्य फल प्राप्ति का यह शास्त्रीय पक्ष था।? मुझे लगता है कि व्यक्ति के समाज जीवन के विविध घटकों को प्रभावित करने वाले पक्षों पर भी कल्पवास के आलोक में विवेचन समीचीन होगा। कल्पवास जहां व्यक्ति की आध्यात्मिक चेतना हेतु अंतर्मन का शोधन करता है वहीं आयुर्वेद की दृष्टि से विचार करें तो कल्पवास शरीर शोधन का भी अवसर बनता है।? आयुर्वेद में देह को नवजीवन देने की प्रक्रिया को कल्प कहते हैं यथा कायाकल्प। इसके अंतर्गत रोगी को एक मास तक केवल दुग्ध, मट्ठा या शोधित पारद का उचित मात्रा में औषधि अनुपान के साथ सेवन कराया जाता है। पहले पन्द्रह दिनों तक शनै–शनै- मात्रा बढ़ाई जाती है, तत्पश्चात क्रमशः कम की जाती है। एक महीने बाद शरीर नवल तेज, ओज, शक्ति एवं ऊर्जा ग्रहण कर लेता है। कायाकल्प व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक शक्ति में वृद्धि कर तंत्रिका तंत्र को नवजीवन देता है। कोशिकाओं के क्षय को विराम दे अंग-उपांगों की जीवनी शक्ति बढ़ाता है। मन-मस्तिष्क में शांति, धैर्य एवं निर्मलता का वास होता है। कल्पवास की अवधि में कल्पवासी निराहार रह केवल गंगाजल का पान करते हैं तो कुछ केवल दुग्धाहार। यह शरीर की आंतरिक शुद्धि में सहायक होता है।

कल्पवास कुम्भ या माघ मेले के दौरान ही होता है तो प्रत्येक कल्पवासी भारत की सामाजिक व्यवस्था एवं सांस्कृतिक समृद्धि के वैभव के विराट स्वरूप का दर्शन सहज ही कर लेता है। क्योंकि कुम्भ में सम्पूर्ण भारत वर्ष से विभिन्न समुदाय, पंथ, जाति, वर्ग, गिरि-काननवासी, बंजारे, किसान-मजदूर, विद्यार्थी-शिक्षक, नेता-अभिनेता, संत-महंत, महामंडलेश्वर-मठाधीश, नागा-सन्यासी, विरक्त-वैरागी-किन्नर, वैष्णव, शाक्त, अघोरी-अखाड़े आदि शामिल होते हैं। सभी की अपनी एक विशिष्ट पहचान है, वेशभूषा है, धर्म-पंथचर्या है।?

## वर्ग पहेली 5643

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | ■ | 6 | 7 | | 8 |
| | ■ | 9 | 10 | ■ | | ■ | |
| 11 | 12 | | | | | ■ | |
| 13 | | ■ | | ■ | ■ | 14 | |
| ■ | ■ | 15 | | | ■ | | ■ |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | 19 |
| 20 | | | ■ | ■ | 21 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 26 सितंबर 1923 को इस महान अभिनेता और निर्माता ने जन्म लिया था (5)
5. विवाह के समय वधू को वर को अंगीकार करना (3)
6. 1970 की पंजाब की प्रसिद्ध प्रेम कथा पर आधारित फिल्म जिसमें राजकुमार-प्रिया राजवंश की जोड़ी थी (4)
9. यह इंडोनेशिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला द्वीप है (2)
11. शशिकपूर, शर्मिला टैगोर ललिता पंवार अभिनीत 1970 की सफल फिल्म (6)
13. पुराणानुसार सात पातालों में से पहला, पेंदा, नीचे की सतह (2)
14. सड़क, मार्ग (2)
15. यहूदियों और मुसलमानों के धर्म शास्त्रों के अनुसार मनुष्य आदि का प्रजापति (3)
16. यह अभिनेत्री 2000 की मिस यूनिवर्स थी (4)
18. पराया, गैर आदमी (3)
20. कपि, दोहे का एक भेद (3)
21. रचित होना, क्रियान्वयन होना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम (5)
2. किसी देवता आदि से मांगा हुआ मनोरथ (2)
3. आवागमन (4)
4. खटाई के योग से जमाया हुआ दूध (2)
7. गति, चाल (3)
8. यह भारत का 28 वां राज्य है जिसकी स्थापना 15 नवंबर 2000 को हुई थी (4)
10. यह एक संस्कृत नाटक है (5)
12. अवस्था, दशा (2)
14. कारोबार, तिजारत, व्यवसाय (4)
15. प्रतिष्ठा, मान, इज्जत (3)
16. ज्वालामुखी से निकलने वाला विस्फोटक पदार्थ (2)
17. जंघा, जांघ (2)
18. पीछे (अंग्रेजी) (2)
19. विविध, अनेक प्रकार के (2)

### वर्ग पहेली 5642 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | ल | वी | य | ■ | ए | शि | या |
| ल | ल | न | ■ | अ | क | स | ■ |
| वा | क | ■ | त | मा | चा | ■ | वि |
| ■ | ना | त | ■ | न | द | ■ | य |
| त | ■ | ह | ■ | त | र | स | ना |
| ब | ह | री | न | ■ | मै | त | ■ |
| ला | म | ■ | फा | ■ | ली | मा | ■ |
| ■ | ल | क्ष्य | ■ | ह | सी | न | ■ |

# कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को हराया

(राकेश कायस्थ)

दिल्ली चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच बमुश्किल दो प्रतिशत वोट का अंतर है, फिर सीटों का अंतर इतना ज्यादा क्यों है? यह बात समझने के लिए इस चुनाव में कांग्रेस की भूमिका पर गौर करना जरूरी है। कांग्रेस पिछले चुनाव में वेंटिलेटर पर थी।दिल्ली चुनाव में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच बमुश्किल दो प्रतिशत वोट का अंतर है, फिर सीटों का अंतर इतना ज्यादा क्यों है? यह बात समझने के लिए इस चुनाव में कांग्रेस की भूमिका पर गौर करना जरूरी है। कांग्रेस पिछले चुनाव में वेंटिलेटर पर थी। इस बार वेंटिलेटर हटा, पर आईसीयू में अब भी है। कहा जा रहा था कि कांग्रेस दिल्ली के नतीजों पर उसी स्थिति में असर डाल पाएगी, जब कम से कम 10 फीसदी वोट ले। मगर 6.34 प्रतिशत वोट लेकर भी उसने आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर कर दिया। वास्तव में, कांग्रेस ने सीधे-सीधे 19 सीटों के नतीजों पर असर डाला। आम आदमी पार्टी अपनी 14 सीटें कांग्रेस की वजह से हारी। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सोमनाथ भारती, राखी बिड़लान, महेंद्र चौधरी और दुर्गेश पाठक जैसे बड़े आप नेताओं की सीटें इनमें प्रमुख हैं। भाजपा भी पांच सीटें कांग्रेस की वजह से हारी।



इनमें कालकाजी में आतिशी के खिलाफ विधूड़ी की हार भी शामिल है। कस्तूरबा नगर और बादली जैसी सीटों को छोड़कर खुद कांग्रेस ने किसी भी सीट पर बहुत ज्यादा वोट नहीं लिए, लेकिन उसका प्रदर्शन बताता है कि अपनी सुस्ती के बावजूद वोटरों के समूह के बीच पार्टी जिंदा है। वैसे, इस चुनाव में कांग्रेस के लिए कई सबक भी हैं। कांग्रेस और आप, दो ऐसे राजनीतिक दल हैं, जो किसी भी हिसाब से साथ नहीं आ सकते। उनके बीच अधिकतम सहयोग उसी तरह हो सकता है, जिस तरह केरल में लेफ्ट और कांग्रेस के बीच है। यह बात कांग्रेस को समझनी पड़ेगी कि विपक्षी एकता को मजबूत करने का ठेका सिर्फ उसका नहीं है। खुद को मजबूत किए बिना 'इंडिया' ब्लॉक की मजबूती की बातें बेमानी हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज बदलाव हो सकते हैं, जिससे आपके सहकर्मी परेशान हो सकते हैं और उनको थोड़ा थकान का अनुभव होगा। दिन भर की भागदौड़ से आपको शाम तक काफी थकान लग जाएगी और फिर किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

### वृष
आज करियर में लाभ का दिन है और परिवार के लोगों के साथ आपका वक?त काफी खुशहाल बीतेगा। आपकी योजनाएं सफल होंगी और आपके मान सम्?मान में वृद्धि के योग हैं। दोपहर तक कोई अच्छी खबर मिल सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### मिथुन
आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से कोई कीमती वस्तु या संपत्ति मिल सकती है। दिन व्यस्त रहेगा, फिजूलखर्ची से बचें। शाम के वक?त आपको किसी सड़क दुर्घटना से बचने की सलाह है।

### कर्क
आज अचानक धन लाभ हो सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। व्यावसायिक योजनाओं में गति आएगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। जल्दबाजी और भावुकता में कोई फैसला लेने से बाद में पछताना पड़ सकता है।

### सिंह
आज राजनीतिक क्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। संतान के प्रति जिम्मेदारियां पूरी होंगी। प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ेंगे, रुके हुए काम पूरे होंगे। आपकी सभी समस?याएं दूर होंगी। आपके धन में वृद्धि होने के योग हैं और आपके लिए कारोबार में सफलता की संभावना बन रही है।

### कन्या
आज करियर में सफलता का दिन है। आपका धन बुजुर्गों की सेवा और पुण्य कार्यों में खर्च होगा। दुश्मनों के लिए आप परेशानी का सबब बनेंगे। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा। आपके धन में वृद्धि होगी और आपके लिए तरक?की के योग बनेंगे।

### तुला
आज शिक्षा और प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बनेंगे। वाकपटुता से सम्मान मिलेगा। भागदौड़ की वजह से सेहत बिगड़ सकती है, सावधान रहें। जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। यात्रा सुखद और लाभदायक रहेगी।

### वृश्चिक
आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धन, सम्मान और यश में वृद्धि होगी। रुके हुए काम पूरे होंगे। प्रियजनों से मुलाकात होगी। वाणी पर संयम न रखने से परेशानी हो सकती है और ऑफिस में लोगों के साथ आपका विवाद हो सकता है।

### धनु
आज धन घरेलू सामान पर खर्च होगा। सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। किसी अधीनस्थ कर्मचारी या रिश्तेदार की वजह से तनाव बढ़ सकता है। लेन-देन में सावधानी बरतें, पैसा फंस सकता है। दिन में सरकारी कामों या कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं, जिसमें अंततः जीत आपकी होगी।

### मकर
आज मन में काम को लेकर कुछ उलझन रहेगी। लेकिन आपकी मेहनत और सही फैसले से आप जल्द ही इससे बाहर आ जाएंगे। पैसों के मामले में समय अच्छा है। खर्च ज्यादा हो सकता है। निवेश से भी फायदा होगा। सावधानी से निवेश करें।

### कुंभ
आज मानसिक रूप से परेशान रहेंगे। खुद को कमजोर महसूस करेंगे। काम में अपनी कला का इस्तेमाल करेंगे तो फायदा होगा। पैसों के मामले में दिन सामान्य है। निवेश फायदेमंद रहेगा। नए कौशल सीखें। साझेदारी के काम में आप लाभ पा सकेंगे। भौतिक सुख साधनों की भी प्राप्ति होगी। वाहन सुख मिलने का भी योग है।

### मीन
आज पूर्व में किए गए काम का लाभ मिल सकेगा। आपका अटका या फंसा हुआ पैसा भी कल आपको मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से सहयोग और सपोर्ट मिलेगा। जो लोग नौकरी में बदलाव के लिए प्रयास कर रहे हैं उनके लिए भी कल सकारात्मक स्थिति रहेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### इंडिया नहीं, भारत; आरएसएस का राष्ट्रीय अभियान, याचिका से पहले राष्ट्रपति को सौंपेंगे 10 लाख हस्ताक्षर पत्र



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने एक बार फिर देश के नाम को लेकर बहस छेड़ दी है। संघ से जुड़े शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने इंडिया का नाम भारत करने को लेकर मार्च में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने का ऐलान किया है। इस मुहिम के तहत अलग-अलग वर्गों जैसे शिक्षा, सरकारी तंत्र, न्यायपालिका और उद्योग जगत से 10 लाख हस्ताक्षर जुटाकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को याचिका सौंपी जाएगी। न्यास के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कोठारी ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, इंडिया महज एक नाम है, जबकि भारत एक भावना है, हमारे पूर्वजों की विरासत है। हम मार्च में 10 लाख हस्ताक्षर जुटाकर राष्ट्रपति से संविधान में संशोधन कर देश का नाम सिर्फ भारत करने की मांग करेंगे। इस अभियान को संघ के शीर्ष नेतृत्व का समर्थन भी मिला है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले और सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल इस घोषणा के दौरान मंच पर मौजूद थे। इससे साफ है कि संघ इस मुद्दे को गंभीरता से आगे बढ़ाने की तैयारी कर रहा है।

### दलाई लामा को मिलेगी जेड श्रेणी की सुरक्षा, केंद्र सरकार ने खतरों को देखते हुए लिया फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को संभावित सुरक्षा खतरों के मद्देनजर जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को इस खबर की पुष्टि की है। अधिकारियों के मुताबिक गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सिक्योरिटी विंग को 89 वर्षीय दलाई लामा की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का निर्देश दिया है। सूत्रों ने बताया है कि दलाई लामा को देश के सभी हिस्सों में सीआरपीएफ कमांडो के जेड श्रेणी के सुरक्षा कवर द्वारा सुरक्षित रखा जाएगा। बता दें कि इससे पहले धर्म गुरु दलाई लामा की सुरक्षा में हिमाचल प्रदेश पुलिस की एक टुकड़ी तैनात रहती थी। वहीं जब वे दिल्ली या किसी अन्य स्थान पर जाते थे तो स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान की जाती थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय खुफिया एजेंसियों द्वारा समीक्षा के बाद सरकार ने अब उन्हें अब सभी राज्यों में समान सुरक्षा कवर प्रदान किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया है कि दलाई लामा की सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ के करीब 30 कमांडो की एक टीम शिफ्ट में काम करेगी। सूत्रों ने बताया है कि गृह मंत्रालय ने मणिपुर में भाजपा नेता संबित पात्रा को भी जेड श्रेणी की सुरक्षा देने का फैसला किया है। बता दें कि 50 वर्षीय संबित पात्रा राज्य में पार्टी के मामलों के प्रभारी हैं। पिछले डेढ़ महीने से मणिपुर में जारी हिंसा के बीच बीते दिनों राजनीतिक उथल-पुथल को लेकर संबित पात्रा राज्य में लगातार बैठकें कर रहे हैं।

### नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी के लिए सपा विधायक पर 100 रुपये का जुर्माना

**शामली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले की एक स्थानीय अदालत ने वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक नाहिद हसन को बृहस्पतिवार को दोषी ठहराते हुए 100 रुपये का जुर्माना लगाया। अभियोजन पक्ष के अधिकारी के अनुसार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा की अदालत ने नाहिद हसन पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया और भुगतान न करने की स्थिति में एक महीने कारावास की सजा सुनाई। सहायक अभियोजन अधिकारी उतेश जौहरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि हसन के खिलाफ 28 मार्च 2014 को शामली में तत्कालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 171 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि हसन पर आरोप था कि कैराना से लोकसभा चुनाव लड़ते समय उन्होंने शामली में एक चुनावी रैली के दौरान प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती के साथ-साथ मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी।

### दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जा सकता है : सूत्र

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय दिल्ली सरकार से मोहल्ला क्लीनिक की स्थिति के साथ-साथ इस संबंध में रिपोर्ट मांगेगा कि उन्हें आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बदला जा सकता है या नहीं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय राष्ट्रीय राजधानी में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के क्रियान्वयन पर भी विचार करेगा। उन्होंने बताया कि 51 लाख लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किए जाने की संभावना है।

# एमवीए में सब ठीक नहीं? दिल्ली में राहुल और केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे, पवार से बनाई दूरी





**मुंबई, एजेंसी।** दिल्ली के एक कार्यक्रम में शरद पवार ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को सम्मानित किया, जिसके बाद शिवसेना (यूबीटी) में विवाद पैदा हो गया। शिवसेना ने शरद पवार की आलोचना की और अब आदित्य ठाकरे ने दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। हालांकि, इस दौरान उन्होंने शरद पवार से मुलाकात नहीं की, जबकि वे भी दिल्ली में ही हैं। इसकी वजह से सवाल खड़े होने लगे हैं कि क्या एमवीए में सबकुछ ठीक है? आखिर दिल्ली में शरद पवार के होने के बाद भी ठाकरे ने उनसे दूरी क्यों बनाई। ठाकरे ने दिल्ली और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के नतीजों पर भी सवाल उठाए।

बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने दिल्ली में अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन से पहले एक गैर सरकारी संगठन सरहद द्वारा आयोजित एक समारोह में शिंदे को सम्मानित करने और उनकी प्रशंसा करने के लिए पवार की आलोचना की थी। पवार साहित्य सम्मेलन की स्वागत समिति के प्रमुख हैं, जो एक वार्षिक साहित्यिक बैठक है, जो इस साल 21 से 23 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित की जा रही है। ठाकरे गुट की पवार की तीखी आलोचना ने महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) को हैरान कर दिया, जो तीन विपक्षी दलों- शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (एसपी) का गठबंधन है। जहां शिंदे के नेतृत्व वाली सेना ने पवार को निशाना बनाने के लिए राउत की आलोचना की, वहीं एनसीपी (एसपी) नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र में राजनेताओं के राजनीति से परे सांस्कृतिक या अन्य कार्यक्रमों के लिए एक साथ आने की परंपरा है।

बुधवार देर शाम शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे दिल्ली पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और गुरुवार दोपहर को आप प्रमुख और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। ठाकरे ने मीडियाकर्मियों से कहा, दोनों मुलाकातें शिष्टाचार भेंट थीं। उन्होंने पिछले नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में एमवीए की हार और हाल ही में दिल्ली विधानसभा चुनावों में आप की हार के बीच समानताएं भी बताईं। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हो रहे हैं या नहीं, इस पर सवालिया निशान है। चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं लगती। उन्होंने यह भी बताया कि एमवीए ने चुनाव से पहले महाराष्ट्र में 47 लाख मतदाताओं को जोड़ने पर आपत्ति जताई है।

ठाकरे ने पवार की आलोचना करने पर राउत का समर्थन किया। उन्होंने कहा, शिंदे ने हमारी पार्टी और चुनाव चिह्न चुरा लिया। मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने महाराष्ट्र में उद्योगों को पड़ोसी राज्यों में भेजा। उन्हें सम्मानित क्यों किया गया? ठाकरे ने दिल्ली में अपने सांसदों से भी मुलाकात की। हालांकि उन्होंने एनसीपी (शरद पवार) शरद पवार से मिलने का फैसला नहीं किया। मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम जरूरत पड़ने पर मुंबई में उनसे मिलते रहते हैं। राहुल गांधी और केजरीवाल के साथ उनकी मुलाकात को इंडिया गठबंधन के नेताओं तक पहुंचने के प्रयास के रूप में भी देखा जा रहा है। गौरतलब है कि ठाकरे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से भी मिल रहे हैं, जिनके शिंदे के साथ संबंध दिसंबर में महायुति सरकार के गठन के बाद से तनावपूर्ण हैं।

### अमित शाह ने पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकवादी हमले में शहीद सीआरपीएफ के 40 जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। शाह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवादियों के समूल नाश के लिए कृतसंकल्पित है तथा सरकार ने आतंकवाद को 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति अपनाई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "मैं 2019 में आज के दिन पुलवामा में हुए कायराना आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।" गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है और पूरा विश्व इसके खिलाफ एकजुट है। शाह ने कहा, "चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो या एयर स्ट्राइक मोदी सरकार आतंकवादियों के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के साथ उनके समूल नाश के लिए प्रतिबद्ध है।" पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस को निशाना बनाते हुए हमला किया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके कुछ दिनों बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के अंदर में आतंकी प्रशिक्षण शिविरों पर बमबारी की थी।

### सीमा पार से आया नशे का सामान, कार में मिली 200 करोड़ की हेरोइन, कई गिरफ्तार



**अमृतसर, एजेंसी।** अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने बड़े क्रॉस बॉर्डर स्मग्लिंग रैकेट का भंडाफोड़ किया है। खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर पुलिस ने एक ही कार से 30 किलोग्राम हेरोइन जब्त की है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि साल 2025 में यह सबसे बड़ी बरामदगी है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान से ड्रग्स की तस्करी करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता है। गिरफ्तार किए गे आरोपी बड़ी मात्रा में ड्रग्स स्मग्लिंग का काम करते है। जनकारी के मुताबिक उन्हें सीमा के पास से बड़ी मात्रा में हेरोइन की खेप मिली है। पुलिस ने बताया कि एनडीपीएस ऐक्ट के मुताबिक घारिंदा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भी तलाश की जा रही है। पुलिस पंजाब में ड्रग्स की तस्करी रोकने और सुरक्षित पंजाब बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि नशे को लेकर पंजाब की हालत बेहद चिंताजनक है। वहीं पाकिस्तान के तस्कर भी पंजाब के रास्ते से ही ड्रग्स स्मग्लिंग की कोशिश करते हैं। अमृतसर के आसपास के इलाकों में अकसर पाकिस्तानी ड्रोन पाए जाते हैं।

वहीं पंजाब की युवा आबादी भी चरस, अफीम, कोकीन और अफीन जैसे नशे में लिप्त है। ड्रग्स सेवन के मामले में पंजाब टॉप पर है। गृह मंत्रालय की तरफ से आयोजित एक सेमीनार में बताया गया था। इसमें पंजाब के सीएम ने खुद कहा कि पंजाब पहले ट्रग्स का ट्रांजिट रूट ही था लेकिन अब यह खपत का अड्डा भी बन गया है। उन्होंने कहा कि विशेष एनडीपीएस अदालत बनाने के लिए केंद्र से मदद की दरकार है। इसके अलावा सीमावर्ती इलाकों में 5-जी जैमिंग उपकरण लगाने होंगे।

### राहुल गांधी ने पार्टी सांसदों के प्रदर्शन की समीक्षा शुरू की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव और इससे पहले हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी के नेतृत्व पर कई उठ रहे हैं। इस बीच कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी सांसदों के प्रदर्शन की समीक्षा शुरू की है। गुरुवार को कांग्रेस के लोकसभा सांसदों की बैठक के दौरान राहुल गांधी ने सभी सांसदों के कामों का मूल्यांकन किया। इस दौरान उन्होंने यह भी बताया कि किस सांसद ने सबसे अच्छा काम किया है। राहुल गांधी के मुताबिक बजट सत्र के दौरान मनीष तिवारी और बेनी बेहनन अच्छे प्रदर्शन करने वालों सांसदों में शामिल हैं। बैठक में मौजूद एक सांसद के मुताबिक राहुल गांधी ने घोषणा की है कि सभी सांसदों की समीक्षा तीन मापदंडों के आधार पर की जाएगी। इनमें सांसदों की संसद में मौजूदगी, उनके प्रभाव और भाषण की गुणवत्ता और विरोध प्रदर्शनों में भागीदारी जैसे पैरामीटर शामिल हैं। बता दें कि राहुल गांधी इससे पहले युवा कांग्रेस के नेताओं और मुख्यमंत्रियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए मापदंड बना चुके हैं। हालांकि यह पहली बार है जब उन्होंने सांसदों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना शुरू किया है। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने कुछ सांसदों को सदन में अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए भी कहा है।

# दिल्ली की हार से अलर्ट पंजाब की आप सरकार, कर्मचारी और ईडब्ल्यूएस को साधने वाले किए कई ऐलान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के बाद पंजाब की भगवंत मान सरकार अलर्ट हो गई है। पंजाब कैबिनेट ने सरकारी और निजी सेक्टर में 60 हजार नौकरियां देने की योजना तैयार की है। इसके अलावा कर्मचारियों के करीब 14,000 करोड़ रुपये के एरियर को मंजूरी दे दी है। कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को भी लुभाने के लिए पंजाब सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत श्रद्धालु वालों को शहरी क्षेत्रों में घर दिए जाएंगे। माना जा रहा है कि दिल्ली में मिडिल क्लास और ओअर मिडिल क्लास के रूठने के चलते आम आदमी पार्टी को झटका लगा है। ऐसे में इस वर्ग को लुभाने के लिए पंजाब सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सरकार का मानना है कि इससे युवाओं को लुभाया जा सकेगा। इसके अलावा 6 लाख सरकारी कर्मचारी और पेंशनरों और कमजोर आर्थिक वर्ग के लोगों को भी साधने में मदद मिलेगी। कैबिनेट ने एनआरआई मामलों के निपटारे के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन का भी ऐलान किया है। पंजाब में ऐसे लोगों की संख्या बहुत ज्यादा है, जो एनआरआई या फिर उनके परिजन बाहर बसे हुए हैं। आम आदमी पार्टी को यह वर्ग समर्थन देता रहा है। इसी वर्ग की मदद के लिए जालंधर, कपूरथला, नवांशहर, लुधियाना और मोगा में फास्ट ट्रैक कोर्ट्स के गठन का फैसला हुआ है। भगवंत मान सरकार ने जिन 60 हजार पदों पर



भर्ती का फैसला लिया है। उनमें से 2000 पद शिक्षा विभाग के होंगे। सरकार के प्रवक्ता ने कैबिनेट मीटिंग के बाद इन योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है।

दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के सभी 91 विधायकों की मीटिंग हुई थी। इसके बाद भगवंत मान ने पंजाब को मॉडल स्टेट बनाने का ऐलान किया था। राज्य में विधानसभा चुनाव अभी दो साल दूर हैं, लेकिन सरकार के फैसले बता रहे हैं कि वह तैयारी के मोड में आ गई है। खासतौर पर दिल्ली में लगे झटके ने उसे सतर्क किया है। दिल्ली को आम आदमी पार्टी के गढ़ के तौर पर देखा जा रहा था। गोवा, गुजरात, पंजाब समेत कई राज्यों में अरविंद केजरीवाल चुनावों में दिल्ली मॉडल लागू करने की बात करते थे। अब दिल्ली में ही हार से करारा झटका लगा है। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी की दिल्ली की बजाय पंजाब मॉडल के नाम पर नैरेटिव खड़ा करना चाहती है।

हालांकि अब भी पंजाब सरकार के सामने संकट की स्थिति रहेगी। इसकी वजह यह है कि राज्य सरकार कर्ज में दबी है और उसके लिए लुभावनी स्कीमों को एक हद से ज्यादा लागू कर पाना मुश्किल होगा। इसके अलावा पार्टी की बड़ी चिंता यह है कि दिल्ली में फ्रीबीज वाला मॉडल फेल रहा है। ऐसे में सिर्फ फ्री के नाम पर भी चुनाव जीतना मुश्किल होगा।

# किसी भी सूरत में मंजूर नहीं वक्फ बिल, पारित होते ही सुप्रीम कोर्ट में देंगे चुनौती:मौलाना ने दी खुली चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक को असंवैधानिक और अलोकतांत्रिक करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि मुस्लिम समुदाय इसे स्वीकार नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि संसद से इस विधेयक के पारित होने पर इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। मदनी ने यह बयान उस वक्त दिया जब बृहस्पतिवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने वाली संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को लोकसभा और राज्यसभा के पटल पर रखा गया।




मुस्लिम संगठन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मदनी ने कहा, "जो आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, वे सही साबित हुईं। इन संशोधनों के जरिए केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों की स्थिति और प्रकृति को बदलना चाहती है, ताकि उन पर कब्जा करना आसान हो जाए और उनका मुस्लिम वक्फ का दर्जा खत्म हो जाए। उनका कहना था, "पहले के कानून की धारा 3 में वक्फ बोर्ड यह तय करता था कि कोई वक्फ वैध है या नहीं, अब मौजूदा संशोधन में यह अधिकार कलेक्टर को दे दिया गया है, लेकिन अब मौजूदा 14 संशोधनों में जो आज संसद में पेश किए गए हैं, एक नए संशोधन ने कलेक्टर से लेकर उच्च पदस्थ सरकारी अधिकारी को जांच का अधिकार दिया है जो यह तय करेगा कि यह संपत्ति सरकारी है या वक्फ की जमीन है।" मौलाना मदनी ने कहा कि मुस्लिम समुदाय के विरोध के बाद वक्फ नियम में बदलाव किया गया। उन्होंने कहा, "हम इस तानाशाही कानून को स्वीकार नहीं कर सकते।" मदनी ने कहा कि "धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों" के पास अभी भी मौका है कि वे इस कानून को संसद में पारित होने से रोकें और इसका खुलकर विरोध करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, "यदि यह कानून पारित हो जाता है तो जमीयत उलेमा-ए-हिंद इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी और साथ ही जमीयत उलेमा-ए-हिंद वक्फ संपत्तियों को बचाने के लिए मुसलमान और अन्य अल्पसंख्यकों और न्यायप्रिय लोगों के साथ मिलकर सभी लोकतांत्रिक और संवैधानिक अधिकारों का भी उपयोग करेगी।"

# छत्तीसगढ़ सीएम समेत पूरी कैबिनेट ने संगम में लगाई डुबकी, योगी सरकार का जताया आभार

**महाकुंभ नगर, एजेंसी।** देशभर से करोड़ों सनातनी प्रयागराज महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। वहीं भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों का अपनी-अपनी कैबिनेट के साथ त्रिवेणी स्नान करने का सिलसिला जारी है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान की कैबिनेट के बाद गुरुवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में 166 सदस्यीय दल संगम में स्नान करने पहुंचा। इसमें विपक्षी दल के विधायक भी बड़ी संख्या में शामिल रहे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पत्नी कौशल्या साय के साथ यहां आए। इस दौरान राज्य के राज्यपाल रमेन डेका, विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह, सांसद और विधायक भी अरैल घाट पहुंचे। यहां सभी ने मिलकर पवित्र संगम स्नान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव ने कहा कि आज राज्यपाल व सांसदों के साथ पूरा मंत्रिमंडल महाकुम्भ में आस्था की डुबकी लगाने आया है। उन्होंने स्नान के बाद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा कि आज तीर्थराज प्रयाग के त्रिवेणी संगम में तीन करोड़ छत्तीसगढ़वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए डुबकी लगाई व स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महाकुंभ के दिव्य-भव्य आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।



उन्होंने त्रिवेणी में डुबकी लगाने के साथ ही अपने प्रदेश की जनता के कल्याण और सुख-समृद्धि की कामना की। सीएम विष्णु देव शाम को सेक्टर सात स्थित छत्तीसगढ़ मंडप में पहुंचे जहां अपने प्रदेश के श्रद्धालुओं का कुशलक्षेम जाना और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नदियों, वनों एवं ऋषि संस्कृति का प्रवाह है महाकुम्भ छत्तीसगढ़ के सीएम ने अपने अगले पोस्ट में लिखा कि कुंभ ऊर्जा का स्रोत है, कुम्भ मानवता का प्रवाह है, कुम्भ आध्यात्मिक चेतना है, कुम्भ आत्मप्रकाश का मार्ग है, कुम्भ जीवन की गतिशीलता है, कुम्भ सृष्टि में सभी संस्कृतियों का संगम है।

# कैथोलिक सूबे की जमीन से मिले 100 साल पुराने मंदिर के अवशेष! चर्च ने हिंदू अनुष्ठान की अनुमति दी

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में पलाई के कैथोलिक सूबा के स्वामित्व वाली भूमि पर एक मंदिर के अवशेष पाए गए हैं, जिसके कारण चर्च ने हिंदू भक्तों को देवप्रसन्नम - भगवान की इच्छा की व्याख्या करने के लिए किया जाने वाला एक ज्योतिषीय अनुष्ठान - करने की अनुमति दे दी है। स्थानीय हिंदू संगठनों के सदस्यों के साथ-साथ चर्च के अनुसार, पिछले सप्ताह शिव लिंग सहित अवशेष सतह पर तब आए जब टैपिओका की खेती के लिए 1.8 एकड़ भूमि की जुताई के लिए अर्थमूवर का उपयोग किया जा रहा था। यह भूमि पलाई के पास वेल्लप्पाडु में श्री वनदुर्गा भगवती मंदिर से 1 किमी दूर है। इस मंदिर के अधिकारी इस स्थल पर देवप्रसन्नम करने की योजना बना रहे हैं।

5 फरवरी को यह खोज तब सामने आई जब श्री वनदुर्गा भगवती मंदिर से लगभग 1 किमी दूर, पाला क्षेत्र के पास कोट्टायम जिले में वेल्लाप्पडू के पास 1.8 एकड़ के भूखंड पर टैपिओका की खेती के लिए भूमि को काटने के लिए अर्थमूवर का उपयोग किया गया। स्थानीय लोगों और मंदिर के अधिकारियों का दावा है कि इस स्थल पर कभी एक मंदिर हुआ



करता था, जिसके बारे में माना जाता है कि यह लगभग 200 साल पहले अस्तित्व में था। उनका आरोप है कि लगभग एक सदी पहले, मंदिर का एक आधार था जहाँ भक्त प्रार्थना करते थे, लेकिन समय के साथ, इसे छोड़ दिया गया और अंततः गायब हो गया।

चर्चा के बाद, सूबा और मंदिर अधिकारियों के प्रतिनिधियों ने स्थल के संबंध में अगले कदम तय करने के लिए देवप्रसन्नम आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। चर्च ने हिंदू भक्तों को इस स्थान पर प्रार्थना आयोजित करने की भी अनुमति दी है। देवप्रसन्नम एक ज्योतिषीय प्रक्रिया है जिसे भगवान या देवता की इच्छा को समझने के लिए कहा जाता है। माना जाता है कि मंदिर के अवशेष पूथप्पाडी इल्लम के हैं, जो एक ब्राह्मण परिवार था जो कभी मंदिर का प्रबंधन करता था।

कहा जाता है कि संरचना उपेक्षित हो गई, जिसके कारण यह अंततः गायब हो गई। इस खोज ने स्थानीय हिंदू संगठनों में रुचि जगाई है, मंदिर के अधिकारियों ने देवप्रसन्नम आयोजित करने की पहल की है। खोज और उसके बाद के अनुष्ठान से इस स्थल के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व पर प्रकाश पड़ने की उम्मीद है।

## केविन पीटरसन ने की भविष्यवाणी कौन होंगे चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनलिस्ट



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 कौन जीतेगा? इसके लिए अभी से क्रिकेट दिग्गजों की टिप्पणियां आनी शुरू हो गई। अभी बीते दिन ही पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने खुद को खिताब का दावेदार बताया था। इसी बीच गौतम गंभीर ने भी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी लगाने की बात कही थी। इसी बीच इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने सेमीफाइनल में पहुंचने वाली शीर्ष 4 टीमों को लेकर भविष्यवाणी की है।
पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से यह टूर्नामेंट शुरू होना है जिसका लंबा समय से इंतजार किया जा रहा है। बहरहाल, पीटरसन ने आत्मविश्वास से भारत और पाकिस्तान को टूर्नामेंट के दो सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बताया। एकदिवसीय क्रिकेट में उनके समृद्ध इतिहास और उनके मजबूत लाइन-अप को देखते हुए, दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों से खिताब की दौड़ में प्रमुख खिलाड़ी होने की उम्मीद है। पीटनसन ने मिशेल स्टार्क के हटने के बाद ऑस्ट्रेलिया को संभावित सेमीफाइनलिस्ट के रूप में खारिज कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने अतिम चार में जगह बनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड का समर्थन किया। पीटरसन ने कहा कि मेरा मतलब है, यह बहुत कठिन है। वह वाकई में। लेकिन मिचेल स्टार्क के हटने के बाद, मैं भारत, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड कहूंगा। स्टार्क की अनुपस्थिति ऑस्ट्रेलिया के लिए एक बड़ा झटका है, जो अब टूर्नामेंट में अपनी प्रसिद्ध तेज तिकड़ी के बिना खेलेगी। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड चोट की चिंताओं के कारण पहले ही बाहर हो गए थे, जिससे विश्व चैंपियंस की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने की संभावना और कमजोर हो गई थी।
मेजबान पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची के नव पुनर्निर्मित नेशनल बैंक स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेलेगा।
बहुप्रतीक्षित भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होने वाला है, एक ऐसा मैच जिसके प्रतियोगिता के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक होने की उम्मीद है।

## शाहीन अफरीदी को ICC ने दी बड़ी सजा



नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी पर आईसीसी ने बड़ा जुर्माना लगाया है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ कराची में खेले गए वनडे मैच में पाकिस्तान के 3 खिलाड़ियों ने साउथ अफ्रीकी खिलाड़ियों से बदतमीजी की, जिसके बाद ये एक्शन लिया गया है. शाहीन अफरीदी के अलावा सऊद शकील और कामरान गुलाम पर भी आईसीसी ने जुर्माना लगाया है. शाहीन अफरीदी ने साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके के साथ लड़ाई की. वहीं कामरान गुलाम और सऊद शकील ने साउथ अफ्रीकी कप्तान टेंबा बावुमा के आउट होने के बाद आक्रामक जश्न मनाया था. अफरीदी और मैथ्यू ब्रीत्जके की लड़ाई साउथ अफ्रीकी पारी के 28वें ओवर में हुई थी. शाहीन की पांचवीं गेंद पर मैथ्यू ब्रीत्जके ने मिड-ऑन एरिया में शॉट खेला, जिसके बाद अफरीदी ने उन्हें कुछ कहा. शाहीन इस बात से नाराज थे कि मैथ्यू ने पिच की ओर एक-दो बार दौड़ लगाई थी. इस पर अफरीदी ने नाराजगी जताते हुए उन्हें कुछ कहा और आंखें दिखाई, जिसका मैथ्यू ने जवाब दिया.

### चैम्पियंस ट्रॉफी 2025:

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए प्राइज मनी का ऐलान, विजेता को मिलेंगे करोड़ों, हारने वाली टीम भी होगी मालामाल



नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत में अब एक हफ्ते से भी कम का समय बचा है. इस बार यह टूर्नामेंट पाकिस्तान की मेजबानी में हाइब्रिड मॉडल के तहत खेला जाना है. इसके मुकाबले पाकिस्तान के तीन शहरों (लाहौर, रावलपिंडी, कराची) और दुबई में होंगे. टूर्नामेंट का आगाज 19 फरवरी को कराची में पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबले से होगा. वहीं टीम इंडिया भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश से खेलेगी.

**प्राइज मनी में बंपर इजाफा**

अब चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए आईसीसी ने प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है. चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की विजेता टीम को 2.24 मिलियन डॉलर (लगभग 19.46 करोड़ रुपये) मिलेंगे. वहीं उपविजेता टीम को 1.12 मिलियन डॉलर (लगभग 9.73 करोड़ रुपये) मिलेंगे. सेमीफाइनल हारने वाली दोनों टीम को एक समान 560,000 डॉलर (लगभग 4.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे.

चैम्पियंस ट्रॉफी में हर मैच मायने रखेगा. ग्रुप स्टेज में मैच जीतने पर टीम को 34000 डॉलर (लगभग 29.53 लाख रुपये) मिलेंगे. जबकि पांचवें एवं छठे स्थान पर रहने वाली टीम को एक समान 350000 डॉलर (लगभग 3.04 करोड़ रुपये) मिलेंगे. जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीम को एक समान 140000 (लगभग 1.22 करोड़ रुपये) डॉलर मिलेंगे. इसके अलावा सभी आठ टीमों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 125000 डॉलर (लगभग 1.09 करोड़ रुपये) की गारंटी दी जाएगी. आईसीसी इस टूर्नामेंट में कुल 6.9 मिलियन डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि बांटेगी. यह 2017 की तुलना में 53 प्रतिशत ज्यादा है.

**चैम्पियंस ट्रॉफी की प्राइज मनी:**

- विजेता टीम: 2.24 मिलियन डॉलर (19.46 करोड़ रुपये)
- रनरअप: 1.24 मिलियन डॉलर (9.73 करोड़ रुपये)
- सेमीफाइनलिस्ट: 5,60,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपये)
- पांचवें एवं छठे नंबर की टीम: 3,50,000 डॉलर (3.04 करोड़ रुपये)
- सातवें या आठवें नंबर की टीम: 1,40000 डॉलर (1.22 करोड़ रुपये)
- ग्रुप स्टेज में जीत: 1,40,000 डॉलर (1.22 करोड़ रुपये)
- गारंटी मनी: 1,25,000 डॉलर (1.09 करोड़ रुपये)

## गांव से निकले महेंद्र चंदन की ISPL में धूम



### माझी मुंबई को चैंपियन बनाने के लिए कस ली है कमर

मुंबई, एजेंसी। इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में मुंबई माझी की टीम ने अपने दमदार खेल से धूम मचा रही है। शानदार खेल से मुंबई की टीम ने पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहते हुए प्लेऑफ में क्वालीफाई किया था। टीम के शानदार प्रदर्शन में ओडिशा के बलांगीर जिले के छोटे से गांव बलिपाटा के रहने वाले महेंद्र चंदन ने कमाल का खेल दिखाया।

प्लेऑफ में पहुंचने वाली माझी मुंबई के लिए चंदन को उम्मीद है कि उनकी टीम ISPL की चैंपियन बनेगी। टूर्नामेंट में आगे की तैयारियों को लेकर खास बातचीत में चंदन ने कहा, हमारी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए आ रही है और हमारी कोशिश होगी कि हम आखिरी तक अपना शत प्रतिशत देकर अपनी टीम को चैंपियन बनाए। बता दें कि माझी मुंबई ने लीग स्टेज के अपने 10 मैचों में से 9 में जीत हासिल कर प्लेऑफ में पहुंची है। महेंद्र चंदन माझी मुंबई के एक मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज हैं। ऑक्शन में कई अन्य टीमें भी चंदन को खरीदना चाहती थी, माझी मुंबई की टीम ने उन्हें तीन लाख के रुपए में खरीदा है। महेंद्र चंदन के लिए यह डूसक्का डेब्यू सीजन है। इससे पहले चंदन साल 2024 में कोलकाता में आयोजित इंडिया कप में भी ओडिशा का प्रतिनिधित्व किया था जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन ने सबका ध्यान आकर्षित किया। महेंद्र चदन को बचपन से ही क्रिकेट का शौक था। जैसे-जैसे वह बड़े हुए उन्होंने देखा कि उनके कई दोस्तों ने क्रिकेट के जरिए पहचान और मौके प्राप्त कर रहे हैं तो उनकी भी क्रिकेट के प्रति गंभीरता बढ़ने लगी। प्रोफेशनल स्पोर्ट्स करियर को चुनने की चुनौतियों के बावजूद खासकर एक ग्रामीण पृष्ठभूमि से होने के कारण, महेंद्र सकारात्मक बने हुए हैं। वह ISPL से मिले समर्थन के लिए आभारी हैं, जिसमें कोच और साथी खिलाड़ी शामिल हैं, और उन्हें यह अच्छा लगता है कि यहां की माहौल में हर पृष्ठभूमि से खिलाड़ियों को मौका मिलता है।

### इस वजह से बदला गया लगेज का नियम

## टीम इंडिया के 1 खिलाड़ी ने BCCI को लगाया लाखों का चूना



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम इंडिया के खराब प्रदर्शन को देखते हुए बड़ा एक्शन लिया था और 10 सख्त नियम बनाए थे. इसका असर हाल ही में देखने को भी मिला था. अब भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई जाएगी, इस दौरे पर भी बहुत कुछ बदला-बदला नजर आएगा. रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार खिलाड़ी अपने परिवार को साथ नहीं लेकर जाएंगे.

वहीं, बीसीसीआई ने हवाई यात्रा के लिए भी लगेज से जुड़ा एक नियम बनाया है. आखिर बोर्ड ने लगेज के लिए नया नियम क्यों बनाया है, इस पर एक बड़ा खुलासा हुआ है. दरअसल, ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद बीसीसीआई ने समीक्षा बैठक करके खिलाड़ियों व कोचिंग स्टाफ के लिए नए दिशानिर्देश बना थे. नए नियमों के मुताबिक, टीम इंडिया के किसी भी खिलाड़ी को अब हवाई यात्रा के दौरान 150 किलो से ज्यादा सामान लेकर जाने की इजाजत नहीं है. अब 150 किलो से ज्यादा सामान होने पर खिलाड़ी को एयरलाइंस को अतिरिक्त पैसा खुद भरना होगा. अभी तक खिलाड़ी का सामान ज्यादा होने पर एयरलाइंस को बीसीसीआई ही अतिरिक्त पैसा भरती थी. लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम इंडिया का एक खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया दौरे अपने साथ 27 बैग और ट्राली बैग लेकर गया था. इसमें क्रिकेटर के अलावा उनके निजी स्टाफ व परिवार के बैग भी शामिल थे. ऐसे में इस खिलाड़ी के लगेज का कुल वजन 250 किलो के आसपास था. वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भी ये खिलाड़ी हर जगह इस लगेज को अपने साथ लेकर गया था. ऐसे में इस दौरान के इस खिलाड़ी के लगेज का सारा खर्चा बीसीसीआई को ही उठाना पड़ा था, जो लाखों में था. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस खिलाड़ी की वजह से ही बीसीसीआई ने इस नियम में बदलाव किया है, क्योंकि इस खिलाड़ी को देखकर बाकी खिलाड़ी भी ऐसा करने लगे थे.

## क्रिस गेल के मेंटर बनने से रोमांचित जीएल बजाज सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा

नई दिल्ली, एजेंसी। क्रिकेट की दुनिया के सुपर स्टार और फैंस के बीच यूनिवर्स बॉस के नाम से मशहूर क्रिस गेल भारत में हैं और



हाल ही में उन्होंने ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कॉलेज का दौरान किया। कैरेबियाई सिक्सर किंग जीएल बजाज की टीम सुपर स्ट्राइकर्स नोएडा के मेंटर भी हैं, जो LLC TEN10 का हिस्सा है। क्रिस गेल ने स्टूडेंट्स और क्रिकेट फैंस के साथ खास मुलाकात की और अपने अनुभवों को शेयर किया।

## मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं... चैंपियंस ट्रॉफी से पहले स्टार खिलाड़ी की पत्नी को सबसे सामने क्यों देना पड़ा ऐसा बयान

नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से पाकिस्तान में होने जा रही है. 8 टीमों के बीच खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी. लेकिन इस टूर्नामेंट से पहले कई टीमें अपने खिलाड़ियों की चोटों से जूझ रहे हैं.

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी चोट के चलते चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं. दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया को तो आखिरी मौके पर अपनी टीम में 5 बदलाव करने पड़े हैं. इनमें से एक नाम दिग्गज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का भी है. मिचेल स्टार्क ने निजी कारणों का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया, जिस पर उनकी पत्नी एलिसा हीली का एक बयान सामने आया है, जो खुद ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट



टीम की खिलाड़ी हैं. दरअसल, मिचेल स्टार्क ने इस टूर्नामेंट में किस वजह से ना खेलने का फैसला किया है, इसका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है. दूसरी ओर एलिसा हीली भी चोट के चलते विमेंस प्रीमियर लीग के तीसरे सीजन में नहीं खेल रही हैं. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि शायद एलिसा हीली प्रेग्नेंट हैं और स्टार पिता बनने वाले हैं, ऐसे में उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से बाहर होने का फैसला लिया है.

लेकिन एलिसा हीली ने इस अफवाह पर ब्रेक लगा दिया है. एलिसा हीली ने स्टार्क के बाहर होने पर बात करते हुए विलो टॉक पॉडकास्ट पर कहा, 'री तरफ मत देखो. मुझे नहीं पता, मैंने अभी तक उनसे नहीं पूछा है. वह श्रीलंका भी गए थे और दौरे का वह चरण भी पूरा किया था. तो हां, सब ठीक है. मैं ठीक हूं.

## विदर्भ के खिलाफ रणजी सेमीफाइनल में खेल सकते हैं यशस्वी, मुंबई की टीम में नाम शामिल, 17 फरवरी से खेला जाएगा मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय टेस्ट ओपनर यशस्वी जायसवाल को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। रणजी ट्रॉफी 2024-25 के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 17 फरवरी से खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मुंबई का सामना विदर्भ से होगा।

यशस्वी इस सीजन एक मैच खेल चुके हैं। यशस्वी ने जम्मू और कश्मीर के खिलाफ रणजी मैच खेला था, जिसमें मुंबई टीम को घरेलू मैदान पर हार मिली थी। उस मैच में रोहित शर्मा भी खेले थे। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जनवरी में जब भारतीय टीम का ऐलान हुआ था, तब यशस्वी को शामिल किया गया था। लेकिन, 11 फरवरी को जब फाइनल टीम की घोषणा हुई तो उनकी जगह मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया। यशस्वी ट्रैवलिंग रिजर्व रहेंगे, उनके साथ शिवम दुबे और मोहम्मद सिराज को भी रिजर्व प्लेयर में शामिल किया गया।



चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यशस्वी ट्रैवलिंग रिजर्व रहेंगे।

रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए मुंबई टीम अजिंक्य रहाणे (कप्तान), आयुष म्हात्रे, अंगकृष रघुवंशी, अमोघ भटकल, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल, सिद्धेश लाड, शिवम दुबे, आकाश आनंद (विकेटकीपर), हार्दिक तामोरे (विकेटकीपर), सूर्यांश शेडगे, शार्दूल ठाकुर, शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, मोहित अवस्थी, सिल्वेस्टर डिसूजा, रॉयस्टन डायस, अथर्व अंकोलेकर, हर्ष तन्ना। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में फेल रहे थे यशस्वी को हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई वनडे सीरीज टीम में शामिल किया गया था। उन्होंने विराट कोहली की गैरमौजूदगी में पहला वनडे खेला था।

यह यशस्वी का वनडे डेब्यू भी था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ ओपनिंग करते हुए 22 गेंद पर 15 रन बनाए थे। कोहली घुटने की चोट के कारण उस मैच में नहीं खेल पाए थे।

### चैंपियंस ट्रॉफी:

## चैंपियंस ट्रॉफी से पहले न्यूजीलैंड को लगा झटका, बड़ा खिलाड़ी हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर



नई दिल्ली, एजेंसी। चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले न्यूजीलैंड को बड़ा झटका लगा है और बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड ने बुधवार को पाकिस्तान के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में खेलने से पहले दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जैकब डफी को 15 खिलाड़ियों की टीम में शामिल करके उनके स्थान पर एक और खिलाड़ी को शामिल किया।

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने पुष्टि की है कि बुधवार को कराची में टीम के पहले प्रशिक्षण के दौरान सियर्स को बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द महसूस हुआ। उन्होंने स्कैन कराया जिसमें पता चला कि उनकी हैमस्ट्रिंग में मामूली चोट है, जिसके लिए कम से कम दो सप्ताह तक पुनर्वास की आवश्यकता होगी। पुनर्वास समय-सीमा का मतलब है कि सियर्स संभवतः 2 मार्च को दुबई में भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड के अंतिम ग्रुप ए मैच के लिए समय पर ठीक हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने एक बयान में कहा, हम सभी बेन के लिए वास्तव में दुखी हैं। इतनी देर से किसी बड़े आयोजन से बाहर होना हमेशा कठिन होता है, और बेन के मामले में यह विशेष रूप से कठिन है, क्योंकि यह उनका पहला बड़ा ढ्रष्ट्र आयोजन होता। उन्होंने कहा, बेन के फिर से खेलने के लिए फिट होने के लिए समय-सीमा का मतलब है कि वह संभवतः समूह चरण के अधिकांश भाग को मिस कर देगा और टूर्नामेंट की छोटी प्रकृति को देखते हुए हमें लगा कि एक ऐसे खिलाड़ी को लाना उचित होगा जो पूरी तरह से फिट हो और खेलने के लिए तैयार हो। बेन बहुत बड़ी क्षमता वाला खिलाड़ी है, और पुनर्वास की छोटी समय-सीमा को देखते हुए हमें यकीन है कि वह न्यूजीलैंड में पाकिस्तान के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए फिट और खेलने के लिए तैयार होगा।

### टेनिस:

## मेदवेदेव ने मार्सिले में सीजन के पहले क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई



मार्सिले, एजेंसी । रूसी टेनिट स्टार डेनियल मेदवेदेव ने ओपन 13 प्रोवेंस टेनिस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांसीसी खिलाड़ी पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-2, 6-4 से हराकर सीजन के पहले क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह मुकाबला वर्ल्ड नंबर 8 के लिए खास रहा क्योंकि उन्होंने अपने पहले सर्व पर 90 प्रतिशत अंक जीते। मेदवेदेव के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल की शुरुआत उनके लिए कुछ खास नहीं रही थी। ऑस्ट्रेलियन ओपन में उन्हें दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा था, जहां अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन ने उन्हें हराया था। इसके बाद रोटरडैम में भी वे दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए और वहां इतालवी खिलाड़ी मैटिया बेलुची से हार गए थे। मैच के बाद मेदवेदेव ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में मैं जल्दी हार गया था। मुझे लगा कि जब मैं ऑस्ट्रेलिया में अच्छा खेलता हूं, जो कई बार हुआ है, तो मेरा शरीर पहले से ही थक जाता है। इसलिए मैं थोड़ा धीमा खेलना चाहता था। लेकिन मैंने दो मैच खेले, भले ही वे कठिन थे। उन्होंने कहा कि मार्सिले का टूर्नामेंट उन्हें पसंद है और यहां अच्छा प्रदर्शन करना उनका लक्ष्य है।

वाइल्ड कार्ड मेदवेदेव रोम में मई 2023 में जीतने के बाद से कोई खिताब नहीं जीते हैं। अब क्वार्टर फाइनल में उनका मुकाबला जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से होगा, जिन्होंने ह्यूगो ग्रेनियर को 6-4, 5-7, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। यह मुकाबला रोमांचक होने की उम्मीद है।

### बैडमिंटन:

## भारत बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर, क्वार्टर फाइनल में जापान से हारा

किंगदाओ (चीन), एजेंसी। पिछले संस्करण का कांस्य पदक विजेता भारत शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में जापान से 3-0 से हारने के बाद बैडमिंटन एशिया मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गया। ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की उभरती हुई मिश्रित युगल जोड़ी और महिला एकल खिलाड़ी मालविका बंसोड़ ने अपने से कहीं अधिक उच्च रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अंतिम आठ चरण में 2017 में चैंपियनशिप के विजेता जापान के खिलाफ भारत की हार को टाल नहीं



सके। पहले मैच में हिरोकी मिडोरिकावा और नात्सु सैतो की दुनिया की 12वें नंबर की जोड़ी का सामना करते हुए, ध्रुव और तनिषा ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए निर्णायक गेम के लिए मजबूर कर दिया। लेकिन अनुभवी जापानी जोड़ी ने 61 मिनट के मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-13 से जीत हासिल कर बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद मालविका को दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी तोमोका मियाज़ाकी को रोकने का काम सौंपा गया, लेकिन उनके प्रयास पर्याप्त नहीं थे और वह जापानी स्टार शटलर के खिलाफ़ 21-12, 21-19 से हार गईं।

भारत को एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय की जरूरत थी जो उन्हें ट्रैक पर ला सके। 32 वर्षीय प्रणय ने कुछ समय के लिए उन उम्मीदों को ज़िंदा रखा क्योंकि उन्होंने तीसरे और निर्णायक गेम में केंटा निशिमोटो के खिलाफ़ पुरुष एकल मैच जीतने के लिए एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की।

# कांग्रेस की सरकार आते ही गरीबों को मिलेगा रोजगार : सिंघार

## नगर आगमन पर कांग्रेस नेताओं ने किया जगह-जगह स्वागत

**पन्ना।** मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एक दिवसीय भ्रमण पर पन्ना पहुंचे। वह अनेक कार्यक्रमों में शामिल हुए खजुराहो से पन्ना पंहुचते हुए जगह जगह कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा गर्म जोशी के साथ स्वागत किया गया। पन्ना छतरपुर सीमा पर्यटन ग्राम मड़ला में कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात् एनएमडीसी कालोनी के सामने पन्ना अजयगढ़ बाईपास रोड़ पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा के नेत्रत्व में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात् वह निर्माणाधीन जिला कांग्रेस कार्यालय भवन पंहुचे इस दौरान उन्होने निर्माणाधीन कांग्रेस कार्यालय भवन का निरीक्षण किया तथा जल्द ही भवन तैयार हो कर उसका लोकापर्ण करने की बात कहीं। तत्पश्चात् काफिले के साथ नेता प्रतिपक्ष श्री भगवान जुगल किशोर जी मंदिर पंहुचे जहां पर उनका आशिर्वाद लिया इसके बाद गांधी चौक में गांधी जी को माल्यपर्ण करते हुए अम्बेडकर चौक पंहुचे जहां पर उन्होने संविधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर को माल्यपर्ण



करते हुए नमन किया, इस दौरान यहीं पर कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान के नेत्रत्व मे नेता प्रतिपक्ष का जोरदार स्वागत माल्यपर्ण साल श्री फल के साथ किया गया। तत्पश्चात् वह स्थानीय सर्किट हाउस पंहुचे एवं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, उसके बाद पत्रकारो से रूबरू होते हुए उन्होने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार आगामी समय में बनते ही युवाओं को रोजगार मिलेगा, तथा प्रदेश मे फैली अराजक्ता को खत्म करते हुए परेशान लोगो को चेहरे पर मुस्कान लौटाई जायेगी, उन्होने आंगे कहा कि पूरे प्रदेश मे अराजक्ता का माहोल कायम है, भय, भूख, भ्रष्टाचार, मचा हुआ है, किसी भी प्रकार से कानून नाम की चीज नहीं है, कार्यालयो मे अधिकारी कर्मचारी आम लोगो का कोई भी काम बिना रिश्वत के नहीं कर रहें है, उन्होने पन्ना जिले के संबंध में स्थानीय सांसद तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा को जमकर घेरा तथा गंभीर आरोप लगाये, श्री सिंघार ने कहा कि जिले में रेत का अवैध उत्खनन चरमसीमा पर चल रहा है, बिना किसी वैध स्वीकृति के प्रतिदिन सैकड़ो डम्फर रेत बड़ी बड़ी मशीनो से निकाली जा रहीं है, लेकिन कोई रोकने वाला नहीं, है, क्योकि अवैध माफियाओं को क्षेत्रीय सासंद तथा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा तथा क्षेत्रीय विधायक का संरक्षण प्राप्त है, इसी प्रकार पन्ना जिले की सिमरिया थाना अन्तर्गत जेके सेम प्लांट मे हुए भीषण हादसा में आधा दर्जन मजदूरो की मौत हुई, तथा दो दर्जन से अधिक मजदूर घायल हो गये लेकिन आज दिनांक तक सांसद एवं भाजपा के किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा प्लांट का भ्रमण नहीं किया एवं पीड़ित एवं म्रतक परिवारो से मुलाकात की, इससे से साबित होता है, कि जेके सेम कंपनी को सरकार तथा सांसद वीड़ी शर्मा तथा स्थानीय प्रतिनिधियों का मनमानी करने के लिए जेके सेम कंपनी को संरक्षण प्राप्त है। उन्होने कहा कि इसके अलावा पन्ना के विकास मे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद का कोई योगदान नहीं है सिर्फ कोरी ब्यान बाजी इनके द्वारा की जा रहीं है, पन्ना जिले की जनता अन्याय, भ्रष्टचार, अत्याचार से परेशान है, गरीब, हरिजन आदिवासीयों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, पेयजल, जैसी मूल भूत सुविधाओं का भी लाभ नहीं मिला है। इसके पश्चात् श्री सिंघार अमानगंज के लिए रवाना हो गये, इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मंत्री राजा पटैरिया, पन्ना जिले के प्रभारी पूर्व विधायक संजय यादव, पूर्व विधायक कल्पना वर्मा, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व विधायक महेन्द्र बागरी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा, प्रदेश महा सचिव वीरेन्द्र द्विवेदी, प्रभारी राहुल, श्रीमती कविता सिंह, राम किशोर मिश्रा, भरत मिलन पान्डेय, जीवन लाल सिद्धार्थ, आनन्द शुक्ला, अरूण गौतम, अक्षय तिवारी, मार्तडदेव बुन्देला, भुवन विक्रम सिंह, डॉक्टर कदीर खान, वैभव थापक पार्षद, रेहान मोहम्मद, राज बहादुर पटेल, जीतेन्द्र जाटव, राम बहादुर द्विवेदी, भुपेन्द्र सिंह परमार, सौरभ पटैरिया, धूराम चौधरी, केशरी अहिरवार, फोई लाल, पुरषोत्तम जडिया, सेवालाल पटेल, दीपक तिवारी, मनीष मिश्रा, सुनील अवस्थी, युवक कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र अवस्थी, मनीष मिश्रा, अनीश पिंकू, रियासत खान, सेवालाल पटेल, शशिकांत दीक्षित, दादूराम मिश्रा, संजय पटेल, अमित शर्मा, नरेन्द्र विश्वकर्मा, अक्षय जैन, अंकित शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा आदि।

## लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा में 836 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**पन्ना।** मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग इंदौर द्वारा 16 फरवरी को जिले के तीन परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होने वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के लिए सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश अनिल पारे 9425066100 को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। परीक्षार्थी किसी भी तरह की अनियमितता एवं अव्यवस्था के संबंध में संभागीय पर्यवेक्षक को शिकायत कर सकते हैं। पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दो सत्रों में सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक एवं अपरान्ह 2.15 से 4.15 बजे तक होगी। परीक्षा केन्द्र शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय पन्ना एवं शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय पन्ना में 300-300 एवं शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 2 पन्ना में 236 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला कलेक्टर द्वारा संभागीय पर्यवेक्षक के भ्रमण के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया है, जबकि पर्यवेक्षक के लिए लिपिकीय एवं ई सहायता के लिए सहायक लोक सेवा प्रबंधक विकास खरे की ड्यूटी लगाई गई है।

# कृषकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**पन्ना।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की संस्था केन्द्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केन्द्र मुरैना द्वारा जिले के किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गत दिवस उप संचालक कृषि कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण में वनस्पति संरक्षण अधिकारी सुनीत कुमार कटियार द्वारा आईपीएम के महत्व, सिद्धांत व उनके विभिन्न आयामों जैसे येलो स्टिकी, ब्लू स्टिकी, फेरोमोन ट्रेप, फल मक्खी जाल मित्र एवं शत्रु कीटों की पहचान, ट्राइकोडर्मा से बीज उपचार के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही जैविक विधि नीम आधारित एवं अन्य वनस्पतिक कीटनाशक तथा रासायनिक आयामों के उपयोग के विषय में, खरपतवार प्रबंधन सहित सब्जी फसलों में लगने वाले कीट प्रबंधन के साथ घर में ट्राइकोडर्मा के उत्पादन के बारे में जानकारी दी गई। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अभिषेक सिंह बादल ने जिले की प्रमुख फसलों के रोग और प्रबंधन, चूहे का प्रकोप एवं नियंत्रण और फॉल आर्मी वार्म के प्रबंधन, मनुष्य पर होने वाले कीटनाशकों के दुष्प्रभाव तथा कीटनाशकों के लेवल एवं कलर कोड के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में केन्द्रीय कृषि मंत्रालय द्वारा विकसित एनपीएसएस एप के उपयोग और महत्व की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा उप संचालक कृषि एपी सुमन ने पन्ना जिले के कीट व्याधि तथा सहायक संचालक कृषि यू.एस. बागरी ने जिले की प्रमुख फसलों के महत्व के विषय के बारे में आवश्यक जानकारी प्रदान की।

# पीएम श्री कन्या हाई स्कूल गुनौर में लगाया गया स्वास्थ शिविर



**पन्ना।** पीएम श्री कन्या हाई स्कूल गुनौर में स्वास्थ शिविर का आयोजन विद्यालय के द्वारा कराया गया, जिसमें स्वास्थ केन्द्र गुनौर के डॉक्टर एस के बिलथरिया तथा विवेक सिंह के द्वारा 270 छात्राओ का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक शिक्षकाओं एवं अन्य कर्मचारीयों का भी चिकित्सको द्वारा स्वास्थ परीक्षण किया गया। शासन द्वारा सभी विद्यालय मे अध्ययनरत छात्र छात्राओं का स्वास्थ परीक्षण कराने के निर्देश दिये गयें। क्योकि जब छात्र छात्राओ का स्वास्थ अच्छा रहेगा तो वह बेहतर शिक्षा अध्ययन करेगें। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रीति पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अर्चना मलखान सिंह, बद्री पटेल, विद्यालय के प्राचार्य अरविन्द द्विवेदी सहित भारी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## सात ग्राम पंचायतों में लगेंगे आधार शिविर

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के निर्देशन में 14 फरवरी से 2 मार्च तक शाहनगर विकासखण्ड की सात ग्राम पंचायतों में दो दिवसीय आधार शिविर लगाए जाएंगे। स्थानीय नागरिक सुबह 11 से शाम 5.30 बजे तक इन शिविरों में उपस्थित होकर आधार अपडेशन कार्य करवा सकेंगे। 14 एवं 15 फरवरी को ग्राम पंचायत बोरी, 17 एवं 18 फरवरी को ग्राम पंचायत बिसानी एवं 20 और 21 फरवरी को ग्राम पंचायत श्यामगिरि में लगने वाले शिविर के लिए लक्ष्मी प्रसाद बर्मन 9424350690 को आधार सुपरवाइजर बनाया गया है। इसी तरह 22 एवं 23 फरवरी को ग्राम पंचायत मड़वा एवं 24 एवं 25 फरवरी को ग्राम पंचायत बघवारकला में आयोजित आधार शिविर के लिए आशीष कुमार पटेल 8827423572 को तथा 27 एवं 28 फरवरी को ग्राम पंचायत हरदुआ पटेल एवं 1 एवं 2 मार्च को ग्राम पंचायत लमतरा में आयोजित हेने वाले शिविर के लिए भी लक्ष्मी प्रसाद वर्मन को आधार सुपरवाइजर बनाया गया है।

# संयुक्त संचालक ने अपार आईडी कार्य में 30 प्रतिशत से कम प्रगति वाले विद्यालयों की समीक्षा की

**पन्ना।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर मनीष वर्मा द्वारा गत दिवस डाइट में अपार आईडी में 30 प्रतिशत से कम कार्य करने वाले शासकीय एव अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की समीक्षा बैठक ली गई। कम प्रगति वाले जिले के ऐसे 14 शासकीय एवं 17 अशासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सहित 93 शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालय एवं 78 अशासकीय विद्यालय शामिल हैं। संयुक्त संचालक ने समस्त संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि 15 फरवरी तक अनिवार्यत: 50 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण किया जाना आवश्यक है। इसके लिए तत्काल अपार आईडी के कार्य को प्राथमिकता से शीघ्र पूर्ण करने का



कार्य प्रारंभ करें। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए अपार आईडी के महत्व को बताते हुए कहा कि भविष्य में अपार आईडी छात्र की एक पहचान होगी, जिसमें उसकी समस्त शैक्षणिक योग्यतायें एक क्लिक से देखी जा सकेंगी। छात्रों को हर जगह प्रमाण पत्र की फाइल लेकर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। आने वाले समय में समस्त प्रतियोगी परीक्षाओं में अपार आईडी अनिवार्य होगी। परीक्षा आवेदन करते समय अपार आईडी अंकित करने पर समस्त शैक्षणिक अंक सूचियां प्रदर्शित होने लगेंगी। भारत सरकार द्वारा आगामी नीट मेडिकल परीक्षा में अपार आईडी अनिवार्य की गई है। इसलिए समस्त प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापकों की जिम्मेदारी है कि शत प्रतिशत छात्रों की अपार आईडी बनाने का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए। संयुक्त संचालक ने संस्था प्रमुखों से अपार आईडी बनाने में आने वाली कठिनाइयों की जानकारी भी ली एवं समस्याओं का तत्काल निराकरण किया। बैठक में अवगत कराया गया कि आधार कार्ड संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए भी जिला परियोजना समन्वयक द्वारा अतिशीघ्र जनपद शिक्षा केन्द्रों पर कैम्प लगाने की व्यवस्था की जा रही है। अशासकीय संस्थाओं एवं प्री-प्राइमरी शालाओं के अपार आईडी में अत्यधिक कम प्रगति पर नाराजगी भी व्यक्त की गई एवं सख्त कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया गया। अशासकीय संस्थाओं द्वारा कार्य में लापरवाही पर मान्यता समाप्ति की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

बैठक में अनुपस्थित संस्था प्रधानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर अविलंब कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रविप्रकाश खरे, सहायक संचालक अमित जैन एवं भगवानदास रजक, अतिरिक्त परियोजना समन्वयक भारती श्रीवास्तव, सहायक परियोजना समन्वयक विभूति मोहन पटेरिया भी उपस्थित रहे।

# ओबीसी महासभा जिला इकाई ने जातिगत जनगणना कराने को लेकर सौपा ज्ञापन

**पन्ना।** सात सूत्रीय मांगों को लेकर 13 फरवरी 2025 को पन्ना जिले की गुनौर तहसील में महामहिम राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है। ओबीसी महासभा जिला इकाई पन्ना ने गुनौर तहसील के इतवारी बाजार प्रांगण में एकत्रित होकर पिछड़ा वर्ग की जातिगत जनगणना करवाने की मांग की ओबीसी महासभा पन्ना जिला अध्यक्ष शंकर पटेल ने बताया कि भाजपा सरकार ओबीसी के नाम पर वोट मांगकर सरकार तो बना लेती है लेकिन जब ओबीसी की जनगणना की बात आती है तो सरकार कदम पीछे हटा लेती है



ओबीसी महासभा ने अपने सात सूत्रीय ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि उन्होंने पिछड़ा वर्ग की सामाजिक न्याय में हिस्सेदारी, न्यायपालिका, कार्यपालिका, और विधायिका में आबादी के अनुपात में पिछड़ा वर्ग को महत्व नहीं दिया गया। जो तत्काल दिया जाये, जिससे पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को संवैधानिक अधिकारों की नौवीं अनुसूची में शामिल करने प्रदेश में ग्राम स्तर से सचिवालय स्तर तक प्रमुख प्रशासनिक पदों पर 50 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों को पदस्थ करने तथा मध्य प्रदेश में सरकारी भर्तियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग करता है। ज्ञापन सौंपने वालो में मनीष यादव, रामखिलावन लोधी, एडवोकेट कृष्ण कुमार पटेल, कल्लू पटेल, संतोष लोधी, रामस्वरूप पटेल, विक्रांत चौरसिया सहित काफी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## कार की ठोकर से महिला की मौत, आक्रोशित परिजन ने सडक़ पर लगाया जाम

**सतना।** ताला थाना अंतर्गत पडिया़ गांव में तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 17 सीए 4770 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सडक़ पार कर रहीं सविता पटेल पति सोनू पटेल 35 वर्ष निवासी पडिया़ को ठोकर मार दिया। सडक़ हादसे में सविता पटेल की मौके पर मौत हो गई।

हादसे के बाद चालक कार छोडक़र भाग निकला। एक्सीडेंट में महिला की मौत से आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने बेला-गोविंदगढ़ मार्ग में जाम लगा दिया।

# निरीक्षक लाईन मे कर रहे ड्यूटी, राजनैतिक पंहुच के चलते उप निरीक्षको को थानो का प्रभार

**पन्ना।** पन्ना जिले कें पुलिस थानो में निरीक्षको के स्थान पर उप निरीक्षको के पद स्थापना की गई है, अनेक थानो में निरीक्षको के स्थान पर उप निरीक्षक वर्षो से थाने चला रहे है, तथा वरिष्ठ निरीक्षक पुलिस लाईन मे अपना समय काट रहे है,




जबकी बड़े बड़े थाने जो अन्य जिलो की सीमाओं से लगे हुए उक्त थानो मे निरीक्षको की तैनाती आवश्यक है लेकिन राजनैतिक पंहुच के चलते उप निरीक्षक पुलिस विभाग के वरिष्ट अधिकारीयो पर दबाव बनाकर अपनी पदस्थापना थानो में कराये हुए है, उदाहरण के तौर पर अजयगढ थाना जो निरीक्षक थाना है उसमें उप निरीक्षक रवी जादोन पदस्थ है, इसी प्रकार अमानगंज निरीक्षक थाना मे महेन्द्र भदोरिया निरीक्षक के प्रभार पर कार्य कर रहे है तथा जमकर मनमानी, लूट खसोट मचाये हुए है, इसी प्रकार शाहनगर थाना में मनोज सिंह यादव पदस्थ है, उक्त सभी थाने अन्य जिलो की सीमओ से लगे हुए है। जबकी पुलिस लाईन मे तीन निरीक्षक पदस्थ है, जिनमें संदीप दीक्षित, सुनीता कड़ापे तथा एस के कड़ापे, पुलिस लाईन मे पदस्थ रह कर अपना समय पास कर रहें है। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के चलते उपनिरीक्षक थानो मे पदस्थापना कराये हुए है।

# आधी रात आरोपियों ने चलाई गोली, दो घायल, 2 गिरफ्तार

**सतना।** जैतवारा थाना अंतर्गत चंदगई गांव में बीती रात 12 से 1 बजे के बीच तीन युवकों ने दुकान खुलवाने को लेकर फरियादी रामभईया कुशवाहा के परिवार के साथ मारपीट कर गोली भी चलाई। आरोपियों ने 4 फायर किए। एक गोली रामभईया कुशवाहा के बाएं हाथ और दूसरी गोली उसके भतीजे सतेन्द्र कुशवाहा के पैर में लगी। आरोपियों ने हॉकी और लाठी से भी परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। विवाद की खबर लगते ही डायल-100 मौके पर पहुंची। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से मझगवां सीएचसी भेजा गया, वहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपी आशुतोष पयासी और अनुराग पयासी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से कट्टा भी बरामद किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चंदई निवासी रामभईया कुशवाहा के घर में किराने की दुकान है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात आशुतोष पयासी, अनुराग पयासी और पिंटू पयासी घर के बाहर पहुंचे। दुकान खोलने के लिए आवाज लगाने लगे। जब दुकान नहीं खुली तो शटर पीटने लगे। आरोपी सिगरेट की मांग कर रहे थे।

इतने में भी दुकान नहीं खुलने पर आरोपियों ने दरवाजा पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद रामभईया ने दरवाजा खोलकर विरोध किया तो विवाद करते हुए आरोपियों ने लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच किसी आरोपी ने कट्टा निकालकर दनादन 4 फायर झोंक दिया।

आरोपियों ने रामबाबू कुशवाहा को निशाना बनाया लेकिन निशाना चूका और अलग-अलग दो गोलियां सतेन्द्र और रामभईया कुशवाहा को लग गई। मारपीट में 12 वर्ष के मासूम और 65 वर्षीय शिवबालक को भी चोंट आई है।

## ससुराल आए युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत

**सतना।** कोठी जिले के उजरौंधा गांव में जहरीला पदार्थ खाने से ओमप्रकाश अहिरवार 35 वर्ष निवासी राजापुर जिला चित्रकूट, उत्तरप्रदेश की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

युवक की मौत के बाद उसके परिजन ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ओमप्रकाश की उजरौंधा में ससुराल है। वह दो दिन पहले ही अपनी पत्नी के साथ ससुराल आया था।

ससुराल में ही ओमप्रकश ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। गंभीर हालत में ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई ने आरोप लगाया है कि जब ओमप्रकाश ने जहर खाया, तब ससुराल के लोगों ने उन्हें जानकारी नहीं दी। जब उसकी मौत हो गई तब सूचना दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल का जिले में किया गया जोरदार स्वागत

**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ट नेता, वेयर हाउस बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष तथा नवनियुक्त वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल भोपाल से चलकर पन्ना पंहुचे, इस दौरान महासम्मेल संगठन पन्ना जिला ईकाई, एवं समाज के लोगो द्वारा जगह जगह जोरदार स्वागत किया गया, दमोह से पन्ना जिले के सिमरिया पंहुचने पर रैपुरा, मोहन्द्रा तथा सिमरिया, की इकाईयों द्वारा जोरदार स्वागत फूल मालाओ के साथ साल श्रीफल, बैन्ड बाजा से किया गया, इस दौरान उन्होने कहा कि आज में बहुत खुश हू, मेरे सभी पूर्व के साथियों एवं वैश्य महासम्मेलन के सदस्य पदाधिकारीयों द्वारा जिस



प्रकार से स्वागत किया गया। इसी प्रकार सिमरिया से अमानगंज पंहुचने पर अमानगंज तहसील इकाई द्वारा भी स्वागत किया गया। तत्पश्चात् पन्ना जिला मुख्यालय पंहुचने पर महासम्मेल के जिलाध्यक्ष मनोज केशरवानी के नेत्रत्व में जिला मुख्यालय की सीमा सतना बेरियल, डायमंड चौराहा, अस्पताल चौराहा पर जोरदार स्वागत किया गया, इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें, जिसमें मुख्य रूप से कैलाश मोदी, रामेश्वर गुप्ता, गोपाल बरसईया, अनूप मोदी, संन्देश अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारीयों ने श्री अग्रवाल का जोरदार स्वागत किया है।

मप्र में बोर्ड परीक्षाओं आयोजन के दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों व तैयारियों के संबंध में भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। रीवा के भी अधिकारियों ने कांफ्रेसिंग में लिया हिस्सा।




## मन में सही भाव से ही जीवन में आनंद होगा : कमिश्नर

### रामचरित मानस हमें जीवन मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देती है : डीआईजी



**रीवा।** राज्य आनंदम संस्थान द्वारा कमिश्नर कार्यालय सभागार में संभागीय अधिकारियों की एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए कमिश्नर बीएस जामोद ने कहा कि शासकीय सेवा में हम सबका जीवन इतना बंध गया है कि हमें स्वयं के संबंध में सोचने का समय नहीं मिलता है। हर व्यक्ति को प्रतिदिन अपने लिए कुछ न कुछ समय अवश्य देना चाहिए। स्वयं की अच्छाईयों को और बेहतर करने तथा कमियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। यदि हमें कोई व्यक्ति छोटी सी भी सहायता देता है तो मन में कृतज्ञता का भाव अवश्य होना चाहिए। हर व्यक्ति को घर, परिवार, समाज, कार्यालय और जहाँ उसे अवसर मिले वहाँ दूसरों की मदद जरूर करें। इससे मन में जो आनंद की अनुभूति होती है उसे केवल महसूस ही किया जा सकता है। हमारे मन में कटुता, ईर्ष्या और क्रोध जैसे भाव कमियों के रूप में प्रकट होते हैं। मन में जब सही भाव होगा तभी आनंद होगा। मन में दया, क्षमा, करूणा और सहयोग की भावना का विकास करें। हम सबमें यह भावना ईश्वर ने दी हुई है। अपने मन के अंदर इनकी खोज करके इन्हें प्रतिदिन के जीवन में अमल में लाना है। आनंदम कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यही है कि हम आत्मावलोकन करके अपने जीवन की कमियों को दूर करें और जीवन को नई दिशा दें।

कमिश्नर ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में दुख और सुख दोनों होते हैं। हमें अपनी खुशियों के कारण स्वयं तलाशने होंगे। हम किसी को दुखी न करें और परिस्थितियों के अनुसार आचरण करें। यदि कोई भूल हो जाती है तो अपना अहंकार त्यागकर निर्मल मन से क्षमा मांग लें। हमें क्षमा मांगना और क्षमा करना दोनों आना चाहिए। जीवन अनमोल है। इसके हर क्षण का आनंद लेना चाहिए। हमने दिन भर क्या कुछ किया इसका प्रतिदिन मूल्यांकन करना चाहिए। जीवन के उद्देश्य और जीवन के प्रति दृष्टिकोण सही होगा तो मन में सदैव अच्छे भाव आएंगे। क्रोध अथवा ईर्ष्या के भाव क्षणिक होंगे और हम जीवन का वास्तव में आनंद ले सकेंगे।

कार्यशाला में डीआईजी साकेत प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा में संयुक्त परिवार में लालन-पालन होने से हमें जो संस्कार आते थे उनसे स्वाभाविक रूप से सद्गुणों का विकास होता था। हम अपनी कमियों और असफलताओं को ईश्वर को समर्पित करके फिर से सकरात्मक दृष्टिकोण से कार्य करने लगते थे। अब माइक्रो परिवारों में इन संस्कारों का मिलना बहुत कठिन है। रामचरित मानस घर-घर पढ़ी जाती थी। रामचरित मानस हमें जीवन मूल्यों और आदर्शों की शिक्षा देती है। अब हम केवल मनोरंजन और यांत्रिक पाठ के रूप में रामचरित मानस पढ़ते हैं। इसे पढ़कर मनन करने और हृदय की गहराईयों में उतारने की आवश्यकता है। कार्यशाला में आनंदम विभाग के संचालक सत्यप्रकाश आर्य ने कहा कि अपने जीवन के मैनेजर हम स्वयं ही हैं। अपने गुणों, समय और आचरण का सही प्रबंधन करेंगे तो जीवन में आनंद अवश्यक मिलेगा। हम जो सोचते हैं और निर्णय लेते हैं उसके जिम्मेदार भी हम ही हैं। कभी-कभी संगीत सुनने, पर्यटन, कुछ अच्छा खाने से जो मजा मिलता है उसे हम आनंद मान लेते हैं। आनंद तब मिलता है जब हम अपने मन की ओर देखते हैं। भौतिक जीवन की आधुनिकतम सुविधाओं में जो हैं उनसे भी अधिक सुख उन लाखों साधु-संतों के पास है जो एक लंगोटी में घूम रहा है। उन्हें अपने जीवन का उद्देश्य, मन का भाव और जीवन का आनंद मिल गया है। जीवन को सही दिशा देने के लिए अपने आप से कनेक्शन करें, कमियों का करेक्शन करें और जीवन को सही डायरेक्शन दें।

## उपभोक्ता सहकारी भण्डार के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम निर्धारित

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी द्वारा संध्या उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 40 रीवा के निर्वाचन हेतु कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। ओपी श्रीवास्तव रिटर्निंग आफीसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार संचालक मंडल के निर्वाचन हेतु नामांकन 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सोसायटी कार्यालय में जमा किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 22 फरवरी को की जायेगी तथा 23 फरवरी को शाम 3 बजे तक नामांकन वापस लिये जा सकते हैं। मतदान 28 फरवरी को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक संपन्न होगा मतदान के आधे घण्टे के उपरांत मतगणना की जायेगी। इसी क्रम में रिक्त स्थानों का सहयोग एक मार्च को होगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की सूचना 4 मार्च को जारी होगी तथा उनका निर्वाचन 7 मार्च को होगा।

## जिले में 12 केन्द्रों में 16 फरवरी को होगी प्रारंभिक परीक्षा

### परीक्षा के संबंध में वीडियो कांफ्रेसिंग संपन्न

**रीवा।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की वर्ष 2025 की प्रारंभिक परीक्षा 16 फरवरी को आयोजित की जा रही है। परीक्षा दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से शाम 4.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा आयोजन के दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों व तैयारियों के संबंध में भोपाल से वीडियो कांफ्रेसिंग द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। रीवा जिले में प्रारंभिक परीक्षा के लिए 12 परीक्षा केन्द्र राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित किए गए हैं। इनमें गवर्मेंट हायर सेकण्डरी स्कूल नम्बर एक एवं दो धोबिया टंकी, टीआरएस कालेज, शासकीय कन्या हाईस्कूल पाण्डेन टोला, शासकीय पीके कन्या हायर सेकण्डरी सीएम राइज स्कूल, शासकीय एसके कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल फोर्ट रोड शामिल हैं। शासकीय मार्तण्ड हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक तीन, शासकीय मार्तण्ड स्कूल क्रमांक दो यूनिवर्सिटी रोड, शासकीय कन्या महाविद्यालय, शासकीय माडल साइंस कालेज, शासकीय मार्तण्ड उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक एक तथा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज रीवा शामिल हैं। इन संस्थाओं के प्राचार्यों को प्रारंभिक परीक्षा संपन्न कराने के लिए केन्द्राध्यक्ष बनाया गया है।

सभी केन्द्राध्यक्ष परीक्षार्थियों की निर्धारित संख्या के अनुसार परीक्षा केन्द्र में इनके बैठने की समुचित व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में पेयजल, साफ-सफाई तथा बिजली की नियमित आपूर्ति की भी व्यवस्था करें। परीक्षा केन्द्र में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक पुलिस बल तैनात किया जाएगा। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिये गये। एनआईसी में संभागीय प्रेक्षक श्री विपिन ब्योहार, संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा प्रभारी पी.के. पाण्डेय सहित केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित आवेदन आज तक दर्ज होंगे

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय के डीन, प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे 15 फरवरी तक के लिए पुनः खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।

## सदस्यता सूची के संबंध में आपत्तियाँ 20 फरवरी तक आमंत्रित

**रीवा।** प्रियंका प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 8 बोदाबाग के संचालक के सदस्यों की सूची सहायक पंजीयक कार्यालय में प्रदर्शित कर दी गई है। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास माठे ने बताया कि सूची के संबंध में दावे आपत्तियाँ 20 फरवरी तक प्रस्तुत किये जा सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 21 फरवरी को दोपहर 12 बजे किया जायेगा।

## शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए: उप मुख्यमंत्री

### स्वास्थ्य सेवा प्रदाय एवं भर्ती प्रक्रिया की वृहद समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए और प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध रूप से सभी आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी है। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में सुधार लाया जा सके।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में स्वास्थ्य सेवाओं के सशक्तीकरण के लिये सेवा प्रदाय एवं भर्ती प्रक्रिया की वृहद समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य मानकों को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आधुनिक चिकित्सा अवसंरचना, अत्याधुनिक उपकरणों और प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दिशा में अभूतपूर्व प्रयास कर रही है, स्वास्थ्य विभाग में मानव संसाधन की वृद्धि के लिए बड़े पैमाने पर भर्ती चल रही है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध रूप से पूरा किया जाए ताकि चिकित्सा सुविधाओं का लाभ तेजी से आमजन तक पहुंचे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में भर्ती प्रक्रिया प्रगति पर है। चिकित्सकीय श्रेणी में मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 3,689 पदों पर भर्ती की जा रही है। नर्सिंग श्रेणी में 5,762 पदों पर भर्ती प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। वहीं, पैरामेडिकल एवं तकनीकी स्टाफ के तहत 454 लैब टेक्नीशियन, 114 रेडियोग्राफर, 21 फिजियो थेरेपिस्ट और 8 काउंसलर के पद कर्मचारी चयन मंडल के माध्यम से भरे जा रहे हैं। इसके अलावा, 1,744 सीधी भर्ती के अविज्ञप्त पदों की पूर्ति के लिए भी मांग पत्र भेजा गया है। संचालक (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) श्री दिनेश श्रीवास्तव, संचालक लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा (नर्सिंग एवं पैरामेडिकल) श्री मनोज सरियाम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संस्कृत विश्वविद्यालय कैंपस सांस्कृतिक सशक्तीकरण और संवर्धन में निभाएगा महत्वपूर्ण भूमिका: शुक्ल

### 45 करोड़ रुपये से अधिक लागत की अधोसंरचनाओं का होगा विकास

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय वल्लभ भवन में महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा कैंपस के अधोसंरचना विकास कार्यों की वृहद समीक्षा की। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय रीवा को एक प्रभावी शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यह संस्थान सांस्कृतिक सशक्तीकरण और संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एमपी बीडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिये प्रस्ताव पर तेज गति से कार्यवाही की जाये। बैठक में ईएनसी एमपीबीडीसी श्री अनिल श्रीवास्तव और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मण बाग के समीप पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय, रीवा कैंपस में 45 करोड़ रुपये से अधिक लागत के अधोसंरचना विकास कार्य किए जाएंगे। इसमें 8 करोड़ रुपये की लागत से 600 छात्र क्षमता वाला अकादमिक ब्लॉक, 4.80 करोड़ रुपये की लागत से प्रशासनिक भवन, 6.42 करोड़ रुपये की लागत से 100 सीटर बॉयज़ हॉस्टल और 50 सीटर गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण शामिल है।

## राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत खिलाई जा रही है फाइलेरिया की दवा

**रीवा।** राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यकम अंतर्गत मऊगंज जिले के विकासखण्ड हनुमना में 10 फरवरी से व अन्य संस्थानों में बूथ बनाकर फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया जा रहा है। विकासखण्ड हनुमना में 490 टीमों के 1077 दवा सेवको व सुपरवाइजरो की ड्यूटी लगाई गई है जो स्कूलों एवं संस्थाओं मे जाकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराने के साथ ही दवा सेवन से इंकार कर रहे लोंगों को दवा सेवन हेतु प्रेरित कर रहे हैं। अभी तक 58541 लोगो को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया जा चुका है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि 15 फरवरी से टीमों द्वारा घर-घर जाकर लोगों को दवाओं का सेवन कराया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु ब्लाक स्तर से मानिटिंरिग सुपरवीजन दल व रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया है।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न



**रीवा।** लोक जैव विविधता पंजी निर्माण के उद्देश्य से जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक जनपद पंचायत रीवा के सभागार में जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता यादव एवं श्रीमती अर्चना शुक्ला अध्यक्ष जैवविविधता प्रबंधन समिति की उपस्थिति में आयोजित की गई। प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर प्रो. स्कन्द मिश्रा द्वारा पंजी निर्माण के महत्व, एकत्रित किए जाने वाले प्रमुख आंकड़ों एवं पंजी निर्माण की उपयोगिता की जानकारी दी गई। बैठक में पंजी के निर्माण हेतु जनपद क्षेत्र के सेक्टर के अनुसार पंचायतों एवं ग्रामों के जैव विविधता से संबंधित आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु पद्धतियो एवं रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।

बैठक में जन प्रतिनिधियों, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, शिक्षा विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी स्तर के कर्मचारियों से आंकड़ों को एकत्रित करने हेतु सुझाव प्राप्त किए गए तथा सहयोग हेतु चर्चा की गई। कृषि, पशु पालन, मत्स्य, उद्यानिकी विभाग से प्राप्त कुछ जानकारियो का संकलन इस अवसर पर किया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए पंजीयन जारी

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन 20 जनवरी से शुरू हो गया है। पंजीयन 31 मार्च तक होगा। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति नियंत्रक सीबीएस जादौन ने बताया कि रीवा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 58 खरीदी केन्द्र प्रस्तावित किए जा रहे हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की निश्शुल्क व्यवस्था की गई है। किसान 50 रुपए का शुल्क देकर एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र तथा साइबर कैफे में पंजीयन करा सकते हैं। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि पंजीयन के समय किसान आधार संख्या से लिंक बैंक खाते दर्ज करें जिससे ऑनलाइन भुगतान किया जा सके। पंजीयन कराने के लिए किसान को बोये गये खेत के खसरा नंबर की ऋण पुस्तिका, आधार से लिंक बैंक खाते की जानकारी देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सहयोजना मत्स्य पालकों के लिये अभिनव योजना

**रीवा।** प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत केंद्रीय स्तर की उप-योजना प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धी सह-योजना (पीएम-एमकेएसएसवाई) का गत दिनों अनुमोदन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धी सह-योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2023-24 से 2026-27 तक चार वर्ष में सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 6000 करोड़ रुपए का निवेश कर मत्स्यपालन क्षेत्र को सुव्यवस्थित बनाने और मत्स्य उत्पादन इकाइयों को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य उन्नत सेवाएं प्रदान करने के लिए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफॉर्म (एनएफडीपी) के माध्यम से मछुआरों, मत्स्य पालक किसानों, विक्रेताओ, प्रसंस्करणकर्ताओं और मत्स्यपालन क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यावसायियों को कार्य आधारित पहचान देकर मत्स्योत्पादन के असंगठित क्षेत्र का क्रमिक सुव्यवस्थीकरण करना है। मत्स्यपालन क्षेत्र के सक्रिय सूक्ष्म और लघु उद्यमों को संस्थागत आर्थिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने, जल कृषि बीमा की खरीदी पर मत्स्योत्पादन के एक चक्र की पूर्ति पर एक बार प्रोत्साहन राशि प्रदान करने, मत्स्यपालन क्षेत्र में मूल्य श्रृंखला की प्रभावशीलता में सुधार के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन करने तथा उन्हें बनाए रखने के लिए जलीय कृषि में सक्रिय सूक्ष्म और लघु उद्यमों को निष्पादन आधारित अनुदान के माध्यम से प्रोत्साहन करने तथा रोजगार के अवसरों का सृजन एवं उन्हें बनाए रखने के साथ ही मत्स्य एवं मालियकी आधारित उत्पादों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चिती प्रणालियों की स्वीकार्यता एवं विस्तार के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों को निष्पादन आधारित अनुदानों के माध्यम से प्रोत्साहित करना है।

योजनान्तर्गत वह लाभार्थी लाभ ले सकेंगे जो मछुआरे, मत्स्य किसान, मत्स्यपालक श्रमिक, मत्स्य विक्रेता अथवा ऐसे अन्य लोग, जो सीधे मत्स्यपालन व्यवसाय की मूल्य श्रृंखला में सक्रीय हो। मत्स्य पालन से संबद्ध एकल स्वामित्व, साझेदारी की इकाइयों और भारत में पंजीकृत कंपनियाँ, समितियाँ, सीमित देयता साझेदारी (एत्तएलपी) की इकाइयाँ, सहकारी समितियों, विभिन्न संघ, स्वस्व सहायता समूह (एसएचजी) जैसे ग्राम स्तरीय सगंठन, मत्स्योत्पादक, किसान उत्पादक संगठन (एफएफपीओ) और मत्स्य पालन एवं जलीय कृषि मूल्य श्रृंखला में सक्रिय नव उद्यम तथा मत्स्य कृषि उत्पादक संघों के साथ किसान उत्पादक संघ (एफपीओएस एवं मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार द्वारा लक्षित लाभार्थियों के रूप में शामिल किए जाने वाले अन्य लाभार्थी हो। प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धी सह-योजना (पीएमएमएसवाई) में मत्स्यकी क्षेत्र का सुव्यवस्थीकरण और क्षेत्र के सूक्ष्म उद्यमों की भारत सरकार के कार्यशील पूंजी आर्थिक सहायता कार्यक्रमों तक पहुँच की प्रक्रिया का सरलीकरण, मात्स्यिकी मूल्य श्रृंखला में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मछुआरों, मत्स्य पालन किसानों, मालियकी श्रमिकों, विक्रेताओं, सूक्ष्म और लघु उद्यमों के श्रमिकों सहित प्रसंकरणकर्ताओं आदि का पंजीकरण अथवा कार्य-आधारित पहचान बनाकर मत्स्यपालन क्षेत्र का क्रमिक रूप से सुव्यवस्थीकरण करना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए, नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म (एनएफडीपी) का सृजन किया जाएगा, जिससे सभी हितधारकों को इस पर अपना पंजीकरण करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पंजीकरण के अलावा, एनएफडीपी के माध्यम से विभिन्न कार्यों की भी पूर्ति की जाएगी, जिनमें ऋण और बीमा आवेदन सुविधा, वित्तीय प्रोत्साहनों का वितरण आदि शामिल है। इसके अतिरिक्त, मात्स्यिकी क्षेत्र संबंधी ज्ञान में सुधार, आर्थिक लेन-देन की बेहतर समझ के लिए प्रशिक्षण, संस्थागत ऋण के लिए दस्तावेजों को तैयार करने में सहायता एवं घटक के अंतर्गत शामिल क्षेत्रों की प्रतिपूर्ति जसै गतिविधियों इसमें शामिल हैं। इसके अलावा मत्स्य सहकारी समितियों को व्यवसाय योजना बनाने, आवश्यकता आधारित जरूरतों और सलाह आदि के लिए प्रति सहकारी 2 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। जलीय कृषि बीमा सुविधा के उद्देश्य से मत्स्योत्पादन में नुकसान की किसी भी तरह के रिस्क को कम करने के लिए, मत्स्यपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा बीमा कंपनियों को समुचित जलीय कृषि बीमा उत्पादों का सृजन करने और परियोजना की अवधि के दौरान कम से कम एक लाख हेक्टेपर जलीय कृषि क्षेत्रों को सुरक्षा प्रदान का लक्ष्य रखा गया है। जलीय कृषि बीमा उत्पादों का लाभ उठाने के बारे में प्रोत्साहित करने के अंतर्गत इच्छुक किसानों को 4 हेक्टेयर और उससे कम जल विस्तार क्षेत्र का बीमा कराने पर मत्स्य उत्पादन के एक चक्र के लिए %एकमुश्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833